Weather Report

अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.

जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक sanjeevnitoday.com

# संजीवनी टुडे

समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 262 | जयपुर, शनिवार, 24 फरवरी 2024 | पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50



अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com


### राहुल ने सीट शेयरिंग को लेकर उद्धव को फोन किया

# 1 घंटे बात की, मुंबई की 6 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियां अड़ीं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली/मुंबई। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया में शामिल शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे से बातचीत की। राहुल ने गुरुवार (22 फरवरी) को उद्धव को फोन किया और करीब एक घंटे बात की। महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं। राज्य में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की गएघ और कांग्रेस महाविकास अघाड़ी अलायंस के तहत एक साथ हैं। तीनों पार्टियों के बीच 40 पर सहमति बन गई है। 8 सीटों पर मामला अटका हुआ है। इसमें छह सीटें मुंबई की हैं। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस मुंबई की छह लोकसभा सीटों में से तीन पर चुनाव लड़ना चाहती है। इसमें मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और मुंबई नॉर्थ वेस्ट शामिल है। हालांकि, उद्धव ठाकरे कुल 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, जिनमें चार सीटें मुंबई की हैं। इनमें मुंबई साउथ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट और मुंबई साउथ सेंट्रल शामिल हैं। शिवसेना (तब अविभाजित थी) ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 48 में से 22 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से 18 पर जीत हासिल की, जिसमें मुंबई की तीन सीटें शामिल थीं।



### 2019 में शिवसेना-भाजपा का 25 साल पुराना साथ टूटा

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर भी 2019 में चुनाव हुए थे। तब शिवसेना और भाजपा गठबंधन में थे। बीजेपी 106 विधायकों के साथ राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनी। शिवसेना ने 56 सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद शिवसेना ने ढाई-ढाई साल के लिए सीएम के फॉर्मूले का दांव चला, लेकिन भाजपा नहीं मानी। इसके कारण विधानसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद ही उद्धव ने भाजपा के साथ 25 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया। शिवसेना ने 44 विधायकों वाली कांग्रेस और 53 विधायकों वाली गएघ के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी गठबंधन बनाकर सरकार बनाई, उद्धव ठाकरे सीएम बने थे। लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को इतना अहंकार किस बात का है।

### जून 2022 में शिवसेना में दरार, भाजपा जॉइन कर शिंदे सीएम बने

जून 2022 में एकनाथ शिंदे और शिवसेना के 39 अन्य विधायकों ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी। शिवसेना के दो हिस्से हो गए। महाविकास अघाड़ी गठबंधन सरकार गिर गई। एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर नई सरकार बना ली। भाजपा ने शिंदे को मुख्यमंत्री और देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाया। जुलाई 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने भी बगवात की। वे नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (गएघ) तोड़कर 9 विधायकों के साथ भाजपा-शिंदे की सरकार में शामिल हो गए थे। पवार ने 2 जुलाई 2023 को महाराष्ट्र के दूसरे डिप्टी एख्र के तौर पर शपथ ली थी। यूपी में इंडिया अलायंस में शामिल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच शीट शेयरिंग फाइनल हो गई है। समझौते के तहत कांग्रेस 17 सीटों पर जबकि सपा 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा अपने कोटे से कुछ छोटे दलों को भी सीट दे सकती है। मुझे नहीं लगता कि वो 300 में से 40 सीट भी जीत पाएगी। इसमें मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और मुंबई नॉर्थ वेस्ट शामिल है। हालांकि, उद्धव ठाकरे कुल 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, जिनमें चार सीटें मुंबई की हैं।

### दिल्ली में 4 सीटों पर आप लड़ सकती है चुनाव

## 3 सीटों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशी उतारेगी; गुजरात-हरियाणा में भी सीट शेयरिंग फाइनल स्टेज पर

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आप और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग का ऐलान जल्द होने वाला है। पार्टी सूत्रों से शुक्रवार (22 फरवरी) को मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से 4 पर आप और 3 पर कांग्रेस के लड़ने की सहमति बन रही है। सूत्र ने बताया कि आप अपने कैंडिडेट साउथ दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर उतारेगी। वहीं, कांग्रेस को चांदनी चौक, ईस्ट दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की सीटें दी गई हैं। दिल्ली में पिछले लोकसभा चुनाव में सातों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। दिल्ली के अलावा गुजरात और हरियाणा में भी सीट शेयरिंग का फॉर्मुला दोनों पार्टी के बीच तय हो गया है। पंजाब में आप अकेले चुनाव लड़ने के मूड में हैं। केजरीवाल ने पंजाब में 10 फरवरी को इसका ऐलान किया था। उन्होंने 21 फरवरी को कहा था पंजाब में अकेले लड़ने के फैसला जीतने के लिए किया है। उधर, गुजरात की 26 सीटों में से कांग्रेस आप को भरूच और भावनगर की सीट देने पर फैसला कर चुकी है। वहीं, हरियाणा की 10 सीटों में से या तो गुरुग्राम या फिर फरीदाबाद की सीट आप को दी जाएगी। आप के महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने 14 फरवरी को कहा था कि हम कांग्रेस को



दिल्ली में एक ही सीट देने पर विचार कर रहे हैं। कांग्रेस एक से ज्यादा सीट की हकदार नहीं है। आप ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि वह ऋग.कऋइ के साथ है, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग राज्यों में लगातार अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी कर रही है। इइघ ने 8 फरवरी को असम में तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इससे पहले केजरीवाल ने जनवरी में गुजरात यात्रा के दौरान राज्य की भरूच लोकसभा सीट पर चैतर वसावा को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला भी इसी के बाद आया है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। ममता भी खुद को इंडिया का हिस्सा बताती रही हैं। हालांकि, उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने के अपने फैसले के लिए कांग्रेस के साथ सीट-शेयरिंग को लेकर बातचीत फ़ेल होने का हवाला दिया था।

### जयपुर में आईपीएल से पहले खेल परिषद का एक्शन

## 40 करोड़ का बकाया भुगतान नहीं करने पर आरसीए ऑफिस और एसएमएस स्टेडियम कब्जे में लिया

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग से पहले खेल परिषद ने एक्शन लिया है। करीब 40 करोड़ रुपए के बकाया राशि का भुगतान नहीं करने के कारण राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन और राजस्थान क्रिकेट अकादमी के ऑफिस, सवाई मानसिंह स्टेडियम, होटल को कब्जे में लिया है। वहीं, खेल परिषद की कार्रवाई के दौरान क्रिकेट के अलावा अन्य खेल के खिलाड़ी भी एसएमएस स्टेडियम में बनी पिच पर पहुंच गए। इस पर आपत्ति जताते हुए टएइ के उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा- राजस्थान राज्य खेल परिषद नियमों के तहत हम पर कार्रवाई कर रही है। यह ठीक है। मैं चाहता हूं कि राजस्थान में आईपीएल मैच का आयोजन हो। लेकिन खेल परिषद ने जिन खिलाड़ियों को क्रिकेट ग्राउंड पर भेजा है, उन्हें हटाया जाना चाहिए। ताकि क्रिकेट ग्राउंड और पिच को ज्यादा नुकसान ना हो। भविष्य में जयपुर में आईपीएल मैच का आयोजन हो सके। चाहे यह आयोजन राज्य सरकार ही क्यों न करवाए। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन और खेल परिषद के बीच स्टेडियम को लेकर हुआ एमओयू 22 फरवरी को खत्म हो गया था। इसके बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने खेल परिषद से ख्रग्ठ की समय अवधि आगे बढ़ाने की मांग की थी। खेल परिषद ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की समय अवधि को आगे नहीं बढ़ाते हुए शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम और टएइ एकेडमी को कब्जे में लिया।राजस्थान में इस साल भी आईपीएल के तीन मैच होंगे। बीसीसीआई ने पहले फ़ेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें तीन मुकाबले जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। इनमें पहला मैच 24 मार्च, दूसरा मैच 28 मार्च और तीसरा मैच 6 अप्रैल को होगा। उनका सकारात्मक रुख नहीं दिखा। इसके बाद भी हमने नोटिस देकर बकाया जमा करने की मांग रखी। इसको लेकर एसोसिएशन ने सुस्त रवैया अपनाया। इसके बाद शुक्रवार शाम चार बजे से लेकर 5.30 बजे तक कार्रवाई की गई। एमओयू भी खत्म हो चुका है।मैं खुद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी से इस मुद्दे पर बैठकर बात कर चुका हूं।



### सरकार के नोटिस का नहीं दिया जवाब

खेल परिषद के सचिव सोहनलाल ने बताया- आरसीए का एसएमएस स्टेडियम को लेकर किया गया एमओयू समाप्त हो गया है। ऐसे में खेल विभाग से मिले निर्देश के बाद शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई। आरसीए ने सालों से बकाया चल रहे 40 करोड़ रुपए का भुगतान भी नहीं किया है। इसमें 3 करोड़ 50 लाख रुपए बिजली के बिल और 5 करोड़ रुपए स्टेडियम के रख-रखाव का भी शामिल है। बाकी पिछले लंबे सालों से बकाया चल रहा है। इसको लेकर लंबे समय से नोटिस दिए जा रहे थे। इनका कोई जवाब नहीं दिया गया।

### जूनियर और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती रिजल्ट पर रोक

## 5388 पदों पर अटकी भर्ती, कोर्ट ने राजस्थान स्टॉफ सलेक्शन बोर्ड से जवाब मांगा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी करने पर हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। इसके चलते अब इस भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी नहीं हो सकेगा। ऐसे में फिलहाल के लिए करीब 5388 पदों पर हो रही भर्ती अटक गई है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने आज पंकज कुमावत व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह रोक लगाई है। साथ ही राजस्थान स्टॉफ सलेक्शन बोर्ड (आरएसएसबी) से जवाब मांगा गया है। याचिकाओं में कहा गया था कि राजस्थान स्टॉफ सलेक्शन बोर्ड (आरएसएसबी) ने भर्ती परीक्षा में अयोग्य और शैक्षणिक योग्यता नहीं रखने वाले अभ्यर्थियों को भी शामिल किया है। ऐसे में भर्ती परीक्षा को रद्द किया जाए।

दरअसल, भर्ती परीक्षा और आरसेट परीक्षा की आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यताएं अलग-अलग होने की वजह से पूरा विवाद हुआ। दरअसल, भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने और अभ्यर्थियों की प्रारंभिक स्तर पर ही स्क्रूटनिंग करने के लिए केन्द्र की तर्ज पर राज्य सरकार ने राजस्थान कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट शुरू किया था। इस टेस्ट के दो लेवल हैं। पहला ग्रेजुएशन और दूसरा सीनियर सेकेंडरी लेवल पर होता है।




### भर्ती परीक्षा में अपात्र अभ्यर्थियों को शामिल किया

याचिकाकर्ताओं के वकील रघुनंदन शर्मा ने बताया- जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती परीक्षा में राजस्थान कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (आरसेट) के जरिए भर्ती के पदों से 15 गुणा (करीब 80 हजार) अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जो 18 साल से 40 साल तक के थे। वहीं, भर्ती परीक्षा में 21 साल से 40 साल के ग्रेजुएट और कम्प्यूटर दक्षता रखने वाले अभ्यर्थी ही शामिल हो सकते थे। इससे 11 फरवरी 2024 को ऐसे अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा में शामिल हो गए, जिनकी उम्र 21 साल से कम थी। उनके पास पूरी शैक्षणिक योग्यता भी नहीं थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नियुक्ति के समय ऐसे अभ्यर्थी जरूर बाहर हो जाएंगे। लेकिन इनकी वजह से कई योग्य अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सके। अगर लिखित परीक्षा से पहले ही इनकी स्क्रूटनिंग हो जाती तो कई योग्य अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते थे। बोर्ड की अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं में बैठने से पहले हर अभ्यर्थी को आरसेट का एग्जाम पास करना होता है। उसके बाद ही वह भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आरसेट से पहले अभ्यर्थी सीधे भर्ती परीक्षा का फॉर्म भरकर उसमें शामिल हो सकते थे। लेकिन अब आरसेट क्वालीफाई अभ्यर्थी ही भर्ती परीक्षा का फॉर्म भर सकता हैं।

## राजस्थान में तीन दिन बाद बारिश की संभावना



■ संजीवनी टुडे

### मार्च के पहले हफ्ते में भी एक्टिव होगा सिस्टम, 3 डिग्री तक गिरा तापमान

जयपुर। राजस्थान के मौसम में बदलाव लगातार जारी है। प्रदेश में पिछले 48 घंटे में हुई बारिश के बाद सर्द हवा ने तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट ला दी है। वहीं, अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार 26 से 27 फरवरी के बीच एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा। इससे राजस्थान के जयपुर, उदयपुर और कोटा संभाग के अधिकतर क्षेत्र में बादलों की आवाजाही रहने के साथ बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में एक बार फिर गिरावट होने की संभावना बनी रहेगी। इसके बाद मार्च के पहले सप्ताह में प्रदेश में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।वहीं, पिछले 24 घंटे में हुई बारिश और सर्द हवा के बाद जहां जयपुर की अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। इसके बाद जयपुर का अधिकतम तापमान घटकर 25.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं, चूरू का अधिकतम तापमान घटकर 25.6 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर का अधिकतम तापमान घटकर 26.6 डिग्री सेल्सियस और श्रीगंगानगर का अधिकतम तापमान घटकर 24.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

### डेजर्ट बाइक पर दुल्हन को लेकर पहुंचे वैभव

## पुष्कर में सीएम मोहन यादव के बेटे की शादी की रस्में शुरू, एक दूसरे को पहनाई अंगूठी

■ संजीवनी टुडे

पुष्कर (अजमेर)। अजमेर के पुष्कर में शुक्रवार से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे वैभव यादव की शादी रस्में हुईं। शहर के पुष्कर रिसार्ट में मेहंदी, हल्दी और रिंग सेरेमनी की रस्म निभाई गईं। आयोजन में वैभव डेजर्ट बाइक पर अपनी दुल्हन शालिनी को लेकर पहुंचे। इस दौरान सीएम के बेटे के साथ उनकी धर्मपत्नी, बेटी, छोटा बेटा और परिवार के रिश्तेदार शामिल रहे। वैभव यादव शनिवार को हरदा के किसान परिवार की बेटी शालिनी के साथ सात फ़ेरे लेंगे। इसे लेकर पुष्कर के दो बड़े होटलों में इंतजाम किए गए हैं।

सीएम मोहन यादव के समधी किसान सतीश यादव हरदा के रोलगांव के रहने वाले हैं। देर शाम मध्यप्रदेश के सीएम विशेष विमान से किशनगढ़ पहुंचे। जहां से सड़क मार्ग के जरिए पुष्कर पहुंचे। यहां रात को भोज के कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव शिरकत करेंगे। पुष्कर रिसोर्ट पहुंचने से पहले वैभव यादव परिवार के साथ विजयनगर कुशवाहा फोर्ट पहुंचे। जहां उन्हें राजपूत समाज और विजयनगर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की ओर से बधाई दी गई। सुरक्षा को देखते हुए होटल में केवल आमंत्रित मेहमानों को एंट्री दी जा रही है। साथ ही होटल के बाहर अजमेर पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है। आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### एमपी पुलिस का जाब्ता पहुंचा



सीएम मोहन यादव के पुष्कर पहुंचने से पहले मध्यप्रदेश पुलिस पुष्कर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाला। शादी में शामिल होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत भी शनिवार को पुष्कर पहुंचेंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एक ओर मध्यप्रदेश पुलिस सीएम के आने से पहले पुष्कर पहुंच चुकी है। वहीं अजमेर पुलिस ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। पुष्कर में शादी की तैयारी चल रही है। केटरिंग और टेंट की व्यवस्था के लिए 12 ट्रकों में सामान पहुंचे हैं। वहीं रिसोर्ट के बाहर बैरिकेडिंग भी लगाई गई है। रिसोर्ट में सजावट और जरूरी व्यवस्थाओं के लिए सामान इकट्ठा किया जा रहा है।

### कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स लगाने वाला बिल पास

## विरोध में उतरे संत; कांग्रेस बोली- प्रावधान 22 साल पुराना, केवल स्लैब बदला

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने विधानसभा में मंदिरों पर टैक्स का एक बिल पास किया है। इसके तहत किसी मंदिर की आय 1 करोड़ रुपए है, तो उसे 10% और यदि मंदिर की आय 1 करोड़ से कम और 10 लाख से अधिक है तो उसे 5% टैक्स सरकार को देना होगा। यह बिल कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती बिल 2024 है। इस को लेकर सत्ताधारी कांग्रेस सरकार के विरोध में भाजपा समेत कई संत भी उतर आए हैं। हालांकि कांग्रेस ने बिल का बचाव करते हुए कहा है कि राज्य में 40 से 50 हजार पुजारी हैं जिनकी सरकार मदद करना चाहती है। भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए सरकार ने कहा कि यह प्रावधान नया नहीं है, बल्कि 2003 से अस्तित्व में है। मौजूदा सरकार ने सिर्फ स्लैब में एडजस्टमेंट किया है। कर्नाटक में 3 हजार सी-ग्रेड मंदिर हैं, जिनकी आय पांच लाख से कम है। यहां से धर्मिका परिषद को कोई पैसा नहीं मिलता है। धर्मिका परिषद तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए मंदिर प्रबंधन में सुधार करने वाली एक समिति है। 5 लाख से 25 लाख के बीच आय वाले बी-ग्रेड मंदिर हैं, जहां से आय का 5% साल 2003 से धर्मिका परिषद को जा रहा है। धर्मिका परिषद को 2003 से उन मंदिरों से 10% राजस्व मिल रहा था जिनकी सकल आय 25 लाख से ज्यादा थी। किसी अन्य धार्मिक संस्था को सहायता देना जो गरीब है या जिसको सहायता की जरूरत है। हिंदू धर्म से जुड़े किसी भी धार्मिक उद्देश्य के लिए सहायता देना। पुजारियों को ट्रेनिंग देना और वेद पाठशालाओं की स्थापना और रखरखाव करना। किसी यूनिवर्सिटी और कॉलेज की स्थापना और रखरखाव करना, जिसका मकसद हिंदू धर्म, दर्शन या शास्त्रों का अध्ययन करना है। मंदिर कला और वास्तुकला को बढ़ावा देना और हिंदू बच्चों के लिए अनाथालयों की स्थापना करना।

### जयपुर में पत्नी-भाभी का लिवर एक मरीज को लगाया

## 126 किलो के मरीज का हुआ ट्रांसप्लांट, डॉक्टर का दावा- राजस्थान का पहला मामला

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में एक ही व्यक्ति के दो अलग-अलग महिलाओं के लिवर ट्रांसप्लांट किए गए हैं। ये राजस्थान का पहला डुअल लोब लिवर ट्रांसप्लांट है। सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी हॉस्पिटल में हुए इस ट्रांसप्लांट के बाद अब मरीज और डोनर दोनों ठीक हैं। गुरुवार को उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई है। हॉस्पिटल के लिवर ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट डॉ. नैमिष एन मेहता ने बताया- लिवर फ़ेलियर की समस्या से जूझ रहे इंद्र पाल (50) को पीलिया, पेट में पानी भरने, सूजन, खून की कमी जैसे लक्षण थे। यहां तक कि खाने-पीने में भी परेशानी हो रही थी। इस मरीज के सबसे बड़ी समस्या उसका वजन था, जो 126 किलोग्राम था। इस कारण मरीज के लिवर का साइज भी बहुत बड़ा था। इस कारण एक डोनर से मरीज का लिवर ट्रांसप्लांट करना संभव नहीं था। डॉक्टर मेहता ने बताया- मरीज को लिवर डोनेट उसकी पत्नी तारावती और भाभी मंजू ने किया। इन दोनों हिस्सों को जोड़ना बड़ा चुनौतीपूर्ण काम था। पत्नी से मिला अंग 600 ग्राम था। 400 ग्राम वजन का लिवर और चाहिए था, जो भाभी ने डोनेट किया।



### 15 यूनिट ब्लड चढ़ाना पड़ा

इस तरह पहले रोगी के खराब लिवर को निकाला गया। सबसे पहले पत्नी से मिले हिस्से को लगाया गया। इसके बाद भाभी से मिले लिवर को ट्रांसप्लांट करके दोनों को जोड़ा गया। इस दौरान रोगी को 15 यूनिट ब्लड चढ़ाना पड़ा। उन्होंने बताया कि इस तरह की जटिल सर्जरी देश के केवल दो या तीन चुनिंदा ट्रांसप्लांट सेंटरों पर ही हुई है। डॉक्टर ने बताया- राजस्थान में इस तरह का ये पहला केस है।मरीज इंद्रपाल ने बताया- जब मुझे पता चला कि सिर्फ लिवर ट्रांसप्लांट ही ऑप्शन बचा है। इसके बारे में सुना तो था। पता नहीं था कि इतना बड़ा ऑपरेशन होता है। रिस्की भी होता है। इसलिए डर भी था। कई जगह कोशिश की। डॉ. नैमिष एन मेहता ने हमें पूरे प्रोसेस के बारे में डीटेल से समझाया। बहुत अच्छी तरह से गाइड किया। इसके बाद ऑपरेशन के लिए तैयार हुए। इस दौरान हमें पता चला कि मेरा एक लिवर से काम नहीं होगा। रिस्क और बढ़ गया। अब बिल्कुल ठीक हूं। 16 घंटे चले ऑपरेशन में 20 से अधिक सर्जन और स्टाफ मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### संत गाड़से की 148वीं जयंती मनाई



■ संजीवनी टुडे

रेनवाल मांजी। संत गाड़से की 148वीं जयंती पर धोबी समाज बंधुओ ने समन्वय समिति की पावन धरा पर अध्यक्ष मदन लाल हलदुनिया की अध्यक्षता में संत गाड़से के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। फागी माधोराजपुरा तहसील अध्यक्ष प्रहलाद दसलानिया ने बताया कि संत गाड़से की जयंती पर समाज बंधुओ ने जयंती पर एकत्र हुए और अन्य समाज की कार्य योजना पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष मदन लाल हलदुनिया, रामजीलाल बस्सी, विनोद बारिया, प्रह्लाद नील डिग्गी, हजारी खोराल कोटा, रामकिशन आड़ाबाग के साथ अन्य समाज के लोग मोजूद रहे।

### जहरीली वस्तु खाने से आवारा सांड हुआ पागल कई लोगों को किया जख्मी

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ । शुक्रवार राजगढ़ उपखंड के पिनान गांव में एक आवारा सांड ने जहरीली वस्तु खाने से पागल हो गया। जिसने कई लोगों को घायल कर दिया जिससे पूरे गांव में डर का माहौल हो गया और लोग अपने घरों में छुप गए। नेमी नीमला ने बताया कि सरपंच बृजमोहन गुप्ता व ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह ने विकास अधिकारी राजगढ़ समुद्र सिंह से कांटेक्ट किया , समुद्र सिंह ने नेमी नीमला सर्व समाज हेल्प टीम सदस्य को सूचना की ,नेमी नीमला ने जुगनू तंबोली समाजसेवी टीम के साथ पिनान पहुंचकर आवारा सांड को ट्रैक्टर की मदद से पकड़ कर पेड़ के बांधकर काबू में किया और लोगों ने राहत की साहस ली एवं टीम का ग्रामीणों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शेर सिंह मीणा भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नियुक्त, कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान



■ संजीवनी टुडे

जयपुर।भाजपा संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व ने शेरसिंह मीणा को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का दुसरी बार प्रदेश महामंत्री का दायित्व दिया। अपनी बेहतर कार्यशैली नेतृत्व क्षमता एवं कुशल संघटनकर्ता के रूप में शेरसिंह मीणा ने भारतीय जनता पार्टी में अपनी बेहतरीन सेवाएं 24 साल से दें रहें है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा में प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी देने पर शेरसिंह मीणा ने पार्टी के शीर्ष व प्रदेश नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी हैं, मैं उसे पूरी मेहनत के साथ पूरा करने की कोशिश करूंगा। शेर सिंह मीणा राजस्थान विश्वविद्यालय से होते हुए विद्यार्थी परिषद में भी विगत दशकों में इउठ्ठ के लिए जमीनी स्तर पर युवाओं को उस समय भी जोड़ने का काम किया था जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा जनजाति आयोग प्रदेश नेतृत्व प्रदेश प्रभारी एवं पार्टी दायित्वों को पुर्ण निभाया है।

### जयपुर रत्न सम्मान समारोह के पंचम संस्करण में प्रतिभाओं का होगा सम्मान

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। समाज के लिए कुछ ना कुछ करते रहना आवश्यक है। साथ ही आवश्यक है उन लोगों का सम्मान जो इस समाज तथा देश के लिए समर्पित होकर श्रेष्ठ कार्य कर दूसरों से अलग अपनी पहचान बनाते हैं। इन्हीं भावों को लेकर शक्ति फिल्म प्रोडक्शन हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी जयपुर रत्न सम्मान समारोह का पंचम संस्करण आयोजित करने जा रहा है, इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समर्पित भाव से श्रेष्ठ कार्य करने वाली गणमान्य विभूतियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि "जयपुर रत्न सम्मान समारोह" का पंचम संस्करण बहुत ही जल्द अप्रैल माह में गुलाबी नगर जयपुर में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आयोजित होगा, जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को तरासकर उन्हें अलग व विशिष्ट पहचान प्रदान की जाएगी। इस सम्मान के उत्सुक प्रतिभा अपना नॉमिनेशन अवश्य कराएं, अभी नॉमिनेशन आमन्त्रित है। नॉमिनेशन के माध्यम से प्राप्त हुई प्रविष्टियों को निर्णायक मंडल द्वारा चयनित किया जाएगा, जिसका परिणाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से घोषित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्राप्त चैरिटी राशि का सदुपयोग हमारा आशियाना 'ओल्ड एज होम" के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जिससे जरूरतमंद वृद्ध जनों, बेसहारा एवं जिसका कोई नहीं उनके लिए आशा की किरण एवं नई खुशियां प्रदान की जा सकेगी। इच्छुक प्रतिभाएं अपना आवेदन ईमेल एड्रेस पर भेज सकते हैं।

# रेलवे स्टेशनों पर लगेंगे क्यूआर कोड यात्रीयों को नही लगना पड़ेगा लाईन में

■ संजीवनी टुडे

जोधपुर। राजस्थान के सभी रेलवे स्टेशनों को अब डिजिटल किया जा रहा है। रेलवे का उद्देश्य इसके पीछे सिर्फ यह है कि यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सहुलियते मुहैया करवाई जा सकें। इसके लिए रेलवे पिछले काफी समय से प्रयास कर रहा था। रेलवे अब जोधपुर मंडल के करीब 124 रेलवे स्टेशनों पर क्युआर कोड सुविधा लागू करने जा रहा है। ट्रेन यात्रियों को रेलवे और नयी सुविधा देने जा रहा है. वो टिकट कटाने पर डिजिटल पेमेंट की सुविधा और आसान करने जा रहा है। स्टेशनों पर अब जनरल टिकट कटाने वाले यात्रियों के लिए भी डिजिटल पेमेंट करना आसान हो जाएगा. उत्तर पश्चिम रेलवे अपने सभी स्टेशनों पर क्यूआर कोड इनस्टॉल कर रहा है. इससे कैशलेस लेनदेन आसान हो जाएगा। मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया विजन को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ये नया कदम उठा रहा है. वो 124 रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा शुरू करने की तैयारी




में है. यात्रियों को जनरल टिकट काउंटर पर ऑनलाइन पेमेंट के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर पेमेंट करना होगा।

### टिकट काउंटर पर लगाए जाएंगे क्यूआर कोड

रेलवे अब जनरल टिकट (यूटीएस) काउन्टर पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा को सरल कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि डिजिटल इंडिया विजन के तहत रेलवे जनरल टिकट काउंटर पर यात्रियों को क्यूआर कोड स्केनिंग से भुगतान की सुविधा उपलब्ध करवाने जा रहा है. काम शुरू कर दिया गया है. इसके लिए स्टेशनों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जा रहे हैं. ये बुकिंग काउंटर्स पर लगाए जाएंगे. डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि स्टेशनों पर लगाए जाने वाले क्यूआर कोड डिवाइस कंप्यूटर के जरिए बुकिंग सिस्टम से जुड़े होंगे. जनरल टिकट काउंटर पर यात्री यूपीआई, पेटीएम, गूगल पे, फोन पे के जरिए टिकट के पैसे दे सकेंगे. इससे पैसे के लेन-देन की दिक्कत से मुक्ति मिलेगी।

### 31 मार्च तक काम पूरा करने का लक्ष्य

मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने जानकारी दी कि जोधपुर मंडल के सभी प्रमुख 124 रेलवे स्टेशनों के जनरल टिकट काउंटर्स पर क्यूआर कोड डिवाइस लगाए जा रहे हैं. 31 मार्च तक काम पूरा करने का लक्ष्य है. क्यूआर डिवाइस मंडल के स्टेशनों पर भेजे जा रहे हैं।

### यात्रियों को नहीं लगना पड़ेगा लाइन में

डिजिटल इंडिया और कैशलेस लेनदेन की दिशा में रेलवे पहले ही टिकट काउंटर पर डिजिटल भुगतान के इंतजाम कर चुका है. अब उस प्रक्रिया को और सरल बनाया जा रहा है. इससे कैश के लेन-देन की झंझट से यात्रियों और रेलवे स्टाफ दोनों को राहत मिलेगी. कम समय में यात्रियों को टिकट मिल जाएगा और लाइन नहीं लगेंगी।

## पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर अमेरिका सिंह ने शिक्षाविदों के साथ की चर्चा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। निम्स विश्वविद्यालय जयपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए गुणवत्ता समर्थन और वृद्धि पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमे देश विभिन्न क्षेत्रो से आए शिक्षविदो एवं उच्च शिक्षा के हितधारकों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर अमेरिका सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलूओ पर विभिन्न शिक्षाविदों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर सिंह का उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान एवं पूर्व कुलपति के रूप में प्रदेश में किए गए उच्च शिक्षा में सराहनीय कार्य, नवाचार हेतु निम्स के वीसी डॉ संदीप मिश्रा ने उनका सम्मान भी किया गया। इस दौरान प्रो सिंह ने राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक निमित्त मात्र हुं की प्रति गोधरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर प्रताप सिंह चौहान



एवं पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज्य श्रीमाली को भेंट की। उन्होंने कहा कि निमित्त मात्र हूॅ मैं यह पुस्तक मिश्र के बहुआयामी व्यक्तित्व तथा कार्यों की झलक है। कार्यशाला में प्रो. प्रताप सिंह चौहान वीसी, गोधरा यूनिवर्सिटी गुजरात,प्रो. जी के आसेरी प्रो वीसी और आईक्यूएसी प्रमुख, एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर, डॉ. एस श्रीनिवास प्रोफ़ेसर तुमकुर विश्वविद्यालय एवं पूर्व उप सलाहकार मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, प्रोफ़ेसर संदीप मिश्रा वीसी निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान जयपुर, डॉ. सुनील शर्मा प्रो वीसी निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान जयपुर, डॉ.संदीप त्रिपाठी रजिस्ट्रार निम्स यूनिवर्सिटी राजस्थान भी उपस्थित थे।

## श्री दिगंबर जैन ग्लोबल महासभा की महिला वूमेन फोरम का राष्ट्रीय महिला सम्मेलन पंचकलयाणक शीतल तीर्थ रतलाम में संपन्न हुवा

■ संजीवनी टुडे

मोदरान/ रतलाम । परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ससंघ एवं परम पूज्य आचार्य श्री सुंदर सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य इस कार्यक्रम को मिला। बाल ब्रह्मचारी सविता दीदी के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में रतलाम शीतल तीर्थ में ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमनालाल जैन हपावत व सुजाता शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्लोबल वूमेन फोरम द्वारा श्री दिगंबर जैन ग्लोबल महासभा के मीडिया प्रभारी पवन जैन पदमावत ने बताया की इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण देश से 11 सशक्त जैन महिला जो अपने स्वयं के बलबूते पर धर्म, समाज, शिक्षा, स्पोर्ट आदि अलग-अलग क्षेत्र में जिन्होंने ऊंचाइयां हासिल की है उनका विशेष रूप से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अर्चना जैन नीति आयोग दिल्ली मुख्य अतिथि रूप में उपस्तित थी



जिनके हाथों डॉ. इंदु जैन राष्ट्र गौरव दिल्ली, पूर्वा शाह पुणे, नृत्यांगना साधना मादावत (रंगशाला), सरिता जैन चेन्नई प्ल्येयर एवं योग, मंगला शाह पंढरपुर, एसआईवी पीड़ित बच्चो को संभालने का कार्य, बिना छाबड़ा - समाज सेवा, प्रिय शाह मुंबई - साहित्य, कला, संस्कृति कार्य, अंजलि शाह पुणे - कीर्तनकार, प्रगति जैन मुंबई आदि महिलाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कमल ठोलिया, टी के वैद्य, हंसमुख गांधी, नरेंद्र रारा, अनुपम जैन उपस्थिति रहे। वर्धमान कासलीवाल, प्रवीण लोहाडे, मुकेश गोटी, वीरेंद्र धन्नावत, सुमित लाल दुदावत, भवरलाल मुंडलिया, जमनालाल धताणिया, अक्षय, नरेश जैन, अर्चना जैन, उषा चूड़ीवाल गोहाटी, मंजू जैन गदावत, मीना, सीमा चंपावत, सीमा पाटनी, गिरिजादेवी चित्तौड़ा, बबिता जैन आदि अनेक ग्लोबल महासभा के अनेक पदाधिकार उपस्थिति रहे। महासभा का सफल संचालन रुचि चोविश्या ने किया।

## बोर्ड परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन संबंधी जारी दिशा- निर्देशों से शिक्षकों में रोष

### शिक्षक संघ (सियाराम) ने जारी आदेश प्रत्याहरित करने की मांग की

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं स्कूल शिक्षा के शासन सचिव नवीन जैन को ज्ञापन भेज कर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर द्वारा बोर्ड परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन के अंकों के प्रबोधन संबंधी जारी अव्यावहारिक दिशा-निर्देशों पर गहरा रोष जताते हुए इस आदेश को प्रत्याहरित करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीणा ने बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर द्वारा 21 फरवरी को बोर्ड परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन के अंकों के प्रबोधन संबंधी जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे पूर्णतया अव्यावहारिक हैं। राज्य के विद्यालयों में लगभग एक लाख पचास हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जो शिक्षक कार्यरत हैं, उन्हें भी लिपिकीय एवं अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण कक्षा कक्ष शिक्षण के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया है। वर्तमान सत्र में पूर्व सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा महंगाई राहत शिविर, मोबाइल वितरण, राजीव गांधी ओलंपिक खेल आदि के क्रियान्वयन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के शामिल होने से सत्र पर्यन्त शिक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बोर्ड द्वारा सत्रांक योजना कमजोर विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से ही लागू की गई है। साथ ही बोर्ड परीक्षा के अंकों की तुलना आंतरिक मूल्यांकन के अंकों से करना भी पूर्णतया अव्यावहारिक है। मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने बताया कि निदेशक का प्रासंगिक पत्र शिक्षकों के प्रति अविश्वास से भरा हुआ है, इससे राज्य के शिक्षकों का मनोबल गिरेगा। इस तरह का आदेश जारी करने से राज्य भर के शिक्षकों में जबरदस्त असंतोष व रोष है। इस आदेश को वापस नहीं लेने से शिक्षा विभाग का वातावरण दूषित होगा। संगठन ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा 21 फरवरी 2024 को जारी बोर्ड परीक्षा में आंतरिक मूल्यांकन के अंकों के प्रबोधन संबंधी दिशा निर्देशों को वापस लेने की मांग राज्य सरकार से की है।

## मानसिक स्वास्थ कल्याण अंतराष्ट्रीय सम्मलेन में देश भर के स्पीकर्स ने मानसिक स्वास्थ्य और उसकी चुनौतियों पर डाली रौशनी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। मानसिक स्वास्थ कल्याण और मनोभावों को व्यक्त करने की जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। राजस्थान यूनिवर्सिटी के साइक्लोजी डिपार्टमेंट और एसएमएस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के साइकेट्रिस्ट सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस 'मेन्टल हेल्थ एट क्रॉस रोडस : कंटेम्प्ररी मोडलिटीज़ एंड स्ट्रेटेजीज फॉर प्रमोशन ऑफ़ हेल्थ एंड वेल-बिंग' का शुक्रवार को आरम्भ हुआ। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान 2.0 के प्रोजेक्ट 13, 'साइकोलॉजिकल इंटरवेंशंस फॉर प्रमोशन ऑफ़ होलिस्टिक हेल्थ एंड वेल-बीइंग' के अंतर्गत किया गया। कांफ्रेंस में मानसिक स्वास्थ्य की ओर बढ़ावा देने के लिए समसामयिक तौर-तरीके और रणनीतियों पर चर्चा की गई साथ ही देशभर से चुने गए 29 रिसर्च पेपर्स की स्पेशल एडिशन जर्नल को भी मंच लॉन्च किया गया। मानसिक स्वास्थ्य के सांस्कृतिक आयामों पर विशेष जोर देते हुए कार्यक्रम के पहले दिन संरक्षक राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अल्पना कटेजा, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी




विश्वविद्यालय के पूर्व वाईस चांसलर व मुख्य वक्ता प्रो गिरीश्वर मिश्रा, कार्यक्रम के अध्यक्ष एसएमएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो संजय जैन, राजस्थान विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो ओपी शर्मा, सम्मेलन निदेशक प्रो सुशीला पारीक, डॉ. चंद्रानी सेन और डॉ ललित बत्रा व सुनील शर्मा के नेतृत्व में उद्घाटन सत्र के साथ आरम्भ हुआ। सम्मलेन के दोनों दिन पांच मुख्य विषयों 'स्वास्थ्य संवर्धन रणनीतियां और अभ्यास', 'मनोरोग निदान और चिकित्सीय चुनौतियां', 'सकारात्मक मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप', 'मन और मस्तिक संबंध', 'सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव' के विभिन्न रूपों पर मंथन किया जाएगा। दो दिनों में होने वाले पैनल डिस्कशन में अतिथि और स्पीकर के तौर पर गुजरात से सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी के पूर्व वाईस चांसलर प्रो गिरीश भाई भिमानी, आईआईटी हैदराबाद प्रो अमृता देब, पुणे से एसपी पुणे यूनिवर्सिटी प्रो बी.आर शेजवाल, पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज से प्रो अल्पना वैद्या, हरिद्वार के गुरुकुल कांगरी यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट हेड प्रो सी.पी कोखर, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से प्रो संदीप कुमार, पंजाब यूनिवर्सिटी से प्रो वंदना शर्मा, मुंबई यूनिवर्सिटी से एप्लाइड सायकोलोजी के डिपार्टमेंट हेड प्रो सतीश चंद्र, पांडिचेरी से सायकेट्रिस्ट कंसलटेंट प्रो सौमित्रा बासु, दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से प्रो नावेद इक़्बाल, कंसलटेंट डॉ रूप सिधाना, हरियाणा के एमडी यूनिवर्सिटी के प्रो राजबीर सिंह, अहमदाबाद यूनिवर्सिटी से प्रो उर्मी नंदा बिस्वास और जम्मू कश्मीर के उच्च शिक्षा विभाग से डॉ निसार अहमद वानी ने भी शिरकत की।

# फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का आमरण-अनशन एवं कर्मिक अनशन शुरू

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। फार्मासिस्ट भर्ती 2023 संघर्ष समिति के तत्वावधान में झालाना सीफू संस्थान पर 21 फरवरी से फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन चल रहा था। जो कि 23 फरवरी से आमरण-अनशन एवं कर्मिक अनशन में बदला। आमरण-अनशन पर फार्मासिस्ट अभ्यर्थी दीपक छगानी ,कर्मिक अनशन पर विनोद मीना, विनोद महर्षि एवं चरणजीत बैठें। गौरतलब है कि चिकित्सा विभाग द्वारा सीफू संस्थान के माध्यम से फार्मासिस्ट, नर्सिंग, एएनएम एवं पेरामेडिकल भर्ती के आठ कैडरों की 20,546 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। जिनमें से एएनएम,नर्सिंग़ एवं पैरामेडिकल के सात कैडरों की प्रोविजनल चयन सूची जारी हो चुकी हैं। लेकिन फार्मासिस्ट भर्ती की अभी तक प्रोविजनल चयन सूची जारी नहीं हुई हैं। फार्मासिस्ट भर्ती 2023 संघर्ष समिति के सदस्य विनोद मीना एवं दीपक छगानी ने बताया कि चिकित्सा विभाग प्रक्रियाधीन फार्मासिस्ट भर्ती की प्रोविजनल चयन सूची



अतिशीघ्र जारी करके नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करें। फार्मासिस्ट अभ्यर्थी पहले भी 18 जनवरी से 9 फरवरी तक कुल 23 दिन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं कर्मिक अनशन कर चुके हैं। लेकिन एसीएस डॉ शुभ्रा सिंह एवं उच्च अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में 7 दिन में काम करने का आश्वासन दिया गया था। एवं धरना स्थगित करने को कहा गया। जिस कारण से फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने धरना स्थगित कर दिया था। लेकिन उसके बाद 12 दिन निकल जाने के बाद भी फार्मासिस्ट भर्ती की प्रोविजनल चयन सूची जारी नहीं हुई ।

### राजस्थान में जियो का दबदबा बरकरार, कुल 2.62 करोड़ ग्राहकों के साथ राजस्थान में नंबर एक स्थान पर

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। रिलायंस जियो ने राजस्थान में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो ने राजस्थान में 31 दिसंबर, 2023 तक 2.62 करोड़ ग्राहकों का आधार हासिल किया है। इस बड़े ग्राहक आधार के साथ जियो राजस्थान में नंबर एक टेलीकॉम ऑपरेटर के स्थान पर बरकरार है। ट्राई के द्वारा जारी रिपोर्ट अनुसार, दिसंबर 2023 महीने में जियो ने राजस्थान में कुल 2.73 लाख नए उपभोक्ताओं को जोड़ा और अन्य दूरसंचार ऑपरेटरों से बेहतर प्रदर्शन किया। दिसंबर 2023 में भारती एयरटेल और बीएसएनएल ने क्रमशः 1.11 लाख ग्राहक और 21,000 ग्राहक जोड़े। वहीं, वोडाफोन आइडिया ने राजस्थान में 1.24 लाख मौजूदा ग्राहक खो दिए। राजस्थान का कुल वायरलेस सेवा का ग्राहक आधार 31 दिसंबर 2023 तक बढ़कर 6.60 करोड़ पहुंच गया है और इस महीने में कुल ग्राहक आधार 2.80 लाख तक बढ़ा है। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार, जियो राजस्थान में 2.62 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर है, जिसके बाद भारती एयरटेल 2.30 करोड़, वोडाफोन आइडिया 1.10 करोड़ और बीएसएनएल की ग्राहक संख्या 56.60 लाख रही। जियो राजस्थान के सभी जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र 4जी और 5जी नेटवर्क है।

### निषित कुमार को इथोपिया दूतावास ने किया सम्मानित



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। भारत-अफ्रीका संबंधों के मद्देनजर दिल्ली स्थित इथोपियन दूतावास में एक समारोह में शहरी विकास और मानव हितों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने नामी पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता निषित कुमार (बबलू चौधरी) को सम्मानित किया गया। उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे अथक प्रयासों के लिए इथोपिया के राजदूत ने सम्मानित किया है। समारोह में अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर एक सौ से अधिक ट्राइसिकिल वितरित करने पर सुर्खियों में आए निषित ने अपने होमटाउन झुंझुनूं में 17 गौशालाओं को 55 लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। गांव में हॉस्पिटल निर्माण के लिए 6 बीघा जमीन देने समेत लंपी महामारी के दौरान गौशालाओं 13 लाख रुपए का पैकेज देकर संवेदनशीलता की मिसाल कायम की है। निषित झुंझुनूं शहर के बीचों बीच स्थित बीहड़ स्थान को इको टूरिज्म स्पेस के रूप में बसाने का बेहतरीन प्रयास कर रहे है। इसके अलावा पहाड़ व पर्यावरण को लेकर भी कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। वे आगामी 10 सालों में शहरी विकास की ओर अपने विजन के लिए अग्रसर हैं।

### पीएम विश्वकर्मा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




■ संजीवनी टुडे

बांदीकुई। घनश्याम प्रजापत। पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम शुक्रवार को होटल रावत प्लेस सोमनाथ चौराहा दौसा में आयोजित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभु दयाल शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा व सदस्य राष्ट्रीय स्टेयरिंग कमेटी पीएम विश्वकर्मा योजना दौसा, ने उद्घाटन करते हुए योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए सभी सरपंचों व ग्राम विकास अधिकारियों से कहा कि आप अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर आवेदन करवाए और इनको अधिक से अधिक आगे बढ़ाए इस मौके पर एमएसमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक जितेन्द्र कुमार मीना ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम थीम के बारे मे बताया जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महा प्रबंधक सी.एम.गुप्ता ने पीएम विश्वकर्मा की विस्तृत जानकारी देते हुए प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी दी । कार्यक्रम में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सदस्य रवि पालीवाल,पुरण मल सैनी एवं मेघराज मीना सहायक आयुक्त उद्योग विभाग दौसा ने भी योजना के बारे में जानकारी दी। कमलेश कुमार शर्मा जिला प्रबंधक सीएससी एसपीवी (ई.सू.प्रौ.वि.)दौसा ( राज.) ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों का ग्राम पंचायत, नगरपालिका, नगर परिषद द्वारा फर्स्ट लेवल वेरिफिकेशन की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न प्रकार के कामगारों के आवेदन पत्रों को भरने एवं जांच करने की प्रक्रिया के बारे मे विस्तार से बताया।इस अवसर पर अमित मीना एल.डी.म. दौसा, दिग्विजय सिंह निर्वाण निदेशक आर.एस.ई.टी.आई.,लोकेश खिओवाल एमएसएमई जयपुर,विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच,ग्राम विकास अधिकारी,नगरपालिका, नगर परिषद के अधिकारी, एवं विभागीय कार्मिकों के साथ कामगार भी उपस्थिति हुए।मंच का संचालन कमला शर्मा द्वारा किया गया।

### राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम के केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद जारी, पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई

■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं की खरीद का कार्य के माध्यम से किया जाएगा। किसान अपना पंजीकरण उक्त पोर्टल पर ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र एवं अन्य माध्यम से करवा सकते है । गत दिनाँक 20 जनवरी 2024 से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा गेंहू की खरीद आगामी दिनांक 10 मार्च 2024 से शुरू होगी है। इस वर्ष गेहूं की खरीद हेतु भारत सरकार द्वारा घोषितन्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल के अतिरिक्त राजस्थान सरकार के द्वारा 125 रूपये प्रति क्विंटल बोनस निर्धारित किया गया है। जिसे मिलाकर किसानों को कुल 2400 रूपये प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी। भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों को उनकी उपज के मूल्य का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में गेहूं बेचने के 48 घंटों में नियमानुसार कर दिया जायेगा। भारतीय खाद्य निगम, मण्डल कार्यालय उदयपुर के अधीनस्थ राजस्व जिलों उदयपुर, डुंगरपुर, बांसवाड़, चित्तोडगढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद व सिरोही में रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद अधिक से अधिक मात्रा में करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इस उद्देश्य हेतु एफसीआई द्वारा उक्त जिलों में 32 खरीद केन्द्र (पिछले वर्ष की तुलना मे 13 अधिक) एवं राजफीड द्वारा 65 खरीद केन्द्र (पिछले वर्ष की तुलना मे 55 अधिक) खोले जाने हैजिससे की ज्यादा से ज्यादा किसानो को लाभान्वित किया जा सके। यदि किसानों को सरकारी खरीद केंद्रो पर गेंहू बेचने मे किसी प्रकार की कठिनाई आ रही हो तो हेल्प लाइन नंबर 18001806030 पर सहायता हेतु संपर्क कर सकते है। निगम द्वारा पंचायत स्तर पर मुनादी कार्यक्रम या रजिस्ट्रेशन केम्प आयोजित कर किसानो के बीच खरीद के बारे मे अधिक जागरूकता बढ़ाने एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का प्रचार प्रसार किया जा रहा है । यह जानकारी बनवारी लाल मीणा डिपो मैंनेजर भारतीय खाद्य निगम पिण्डवाडा ने दी।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा आज

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अत्याचार निवारण संघर्ष समिति, राजस्थान, जयपुर के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल मारुति नगर, एयरपोर्ट से किया जा रहा है। शोभायात्रा का समापन कार्यक्रम आयोजन स्थल पर उद्‌बोधन के साथ होगा। शोभायात्रा वाहनों पर बहुजन महापुरुषों के चित्र लगाकर संतों की अमृतवाणी के साथ जयपुर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरेगी। इसमें जयपुर शहर एवं आसपास के इलाकों से गणमान्य लोग सम्मिलित होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आई.ए.एस रघुवीर मीणा होंगे।



**खबरें फटाफट**

## परशुराम सेना की ओर से नीतेश का किया स्वागत



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। चार धाम और बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर साइकिल से निकले नितेश शर्मा आज धर्मनगरी निवाई पहुंचे जिनका श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना संघ की ओर से स्वागत किया गया जिसमे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवाडी , सूरज करण शर्मा , भाजपा नेता मोहित गोत्तम, एवं टोंक जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। आपको पता दें कि नितेश शर्मा पिछले दिनों जयपुर से चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग के लिए साइकिल से यात्रा पर निकले हैं साथ ही स्वच्छ भारत अभियान को लेकर 12,000 किलो मीटर की यात्रा पर निकले हैं द्य इस यात्रा के माध्यम से व लोगों को स्वच्छ भारत बनाने का संदेश दे रहे हैं।

## लीनेस प्रांत स्वयंसिद्धा के तत्वावधान में कैंसर अवेयरनेस सेमिनार कल

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। लीनेस प्रांत आर एम - 1 स्वयंसिद्धा के तत्वाधान में महावीर कैंसर अस्पताल के सहयोग से दिनांक 24 फ़रवरी शनिवार को महावीर कैंसर अस्पताल में 'कैंसर अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रांत स्वयंसिद्धा के सभी क्लबों की उपस्थिति रहेगी। मीडिया प्रभारी शकुन्तला विजयवर्गीय ने बताया कि इस ख़तरनाक जानलेवा बीमारी की आहट को हम पहचान ले, इसके लिए ,प्रांत द्वारा तीसरी बार इस जानलेवा बीमारी के बारे में बताने की कोशिश की जा रही है। पहले भी प्रांत द्वारा 2 बार 4 फ़रवरी एवं 16 फ़रवरी को कैंसर जाँच शिविर का आयोजन किया गया था। सेमिनार के साथ साथ कैंसर जाँच शिविर भी रहेगा। यह सेमिनार प्रांतीय अध्यक्ष अनुभा जैन की अध्यक्षता एवं सी. ई. ओ. अंजना जैन के सानिध्य में आयोजित की जा रही है।

## एक्सक्लूसिव क्लब एक्सपीरियंस के साथ फिटनेस को रीडिफाइन करेगा: गोल्ड जिम

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में वैशाली नगर के वाइब्रेंट हार्ट में फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों के पास अब खुशी का एक और नया कारण होगा, गोल्ड जिम जो कल, 25 फरवरी से अपने दरवाजे खोल रहा है। ये जानकारी आज जिम के डायरेक्टर, सुरेश चोधरी ने दी। ये जिम एलीट फिटनेस एक्सपीरियंस के एक नए युग की शुरुआत करेगा जिसमें फिटनेस के लिए सजग मेंबर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह विशेष जिम क्लब, इनोवेशन और पर्सनलाइज्ड फिटनेस सॉल्यूशन के ब्लेंड का वादा करता है। डेलीजेंट तरीके से तैयार किए गए 3 फ्लोर और इंप्रेसिव 10,000 वर्ग फुट में फैला गोल्ड जिम लक्ज़री, मेंबर्स को ट्रांसफॉर्मिंग फिटनेस जर्नी शुरू करने के लिए एक मोटिवेशन प्रदान करेगा। अमेनिटीज और सर्विसेज का एक कॉम्प्रिहेंसिव कलेक्शन प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ साथ, जिम का लक्ष्य जयपुर में फिटनेस लैंडस्केप को रीडीफाइन करना है। फिजिकल ऑफरिंग्स से आगे, गोल्ड्स जिम लक्ज़री कम्युनिटी इंगेजमेंट और एंपावरमेंट के लिए कमिटेड है।

## शिक्षको ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक के आदेश को बताया अव्यावहारिक

■ संजीवनी टुडे

अलवर। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मंत्री जगरुप सिंह तंवर ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांकन में अंक देने संबंधी जारी आदेश को अव्यावहारिक करार देते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा ने बताया कि सत्र के अंत में यह आदेश लागू करना पूर्ण रूप से अव्यवहारिक है। विभाग को इस प्रकार का आदेश जारी करना ही है तो सत्र के प्रारंभ में करना चाहिए,अब 29 फरवरी2024 से बोर्ड परीक्षा प्रारभ होने वाली है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने बताया कि बोर्ड द्वारा सत्रांक व्यवस्था लागु करने के पीछे उद्देश्य रहा है कि सत्रांक के कारण सीबीएसई का परिणाम उच्च रहता था तथा राजस्थान बोर्ड का परिणाम काफी कम रहता था जिसे देशभर में राजस्थान बोर्ड एवं विभाग की प्रतिष्ठा कई बार धूमिल हुई है और उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु राजस्थान बोर्ड की विद्यार्थी पिछड़ते रहे है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि इस आदेश का प्रभाव मुख्यतः सरकारी विद्यालय और सरकारी शिक्षको पर ही पडेगा जिससे निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा साथ ही आगामी वर्षो में सरकारी विद्यालयों में नामांकन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।सत्रांक कम मिलने से कई बच्चे अनुत्तीर्ण होंगे तथा मानसिक दबाव के चलते अपनी स्कूल शिक्षा भी पूर्ण नहीं कर पाएंगे।

# 62 साल बाद कामां में हो रहा है श्रीमज्जिनेन्द्र शांतिनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ

■ संजीवनी टुडे

## भट्टारक जी की नसियां में हुआ पोस्टर विमोचन



जयपुर। श्री मज्जिनेन्द्र शांतिनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव व विश्व शांति महायज्ञ आचार्य सुनील सागर महाराज महाराज के ससंघ सानिध्य में गणिनी आर्यिकारत्न विजयमती की प्रेरणा से आगामी 28 फरवरी से 4 मार्च तक हस्तिनागरी कामां के कामसेन स्टेडियम में आयोजित होगा।आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। इस सम्बंध में शुक्रवार को जयपुर के भट्टारक जी की नसियां में संवाददाता सम्मेलन में आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र बड़जात्या व महामंत्री संजय बड़जात्या ने बताया कि इस दौरान जीर्णोद्धारित चक्रवर्ती देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन दीवानजी व गुरु मंदिर का भव्यतम उद?घाटन भी होगा। भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य वीरचंद्र-ऊषा बड़जात्या व सौधर्म-शचि इन्द्र बनने का सौभाग्य रिकेश-दीपा बड़जात्या को प्राप्त हुआ है। महोत्सव की सारी क्रियाएं उदयपुर के पंडित महावीर डोंगला व सह प्रतिष्ठाचार्य प्रतापगढ़ के ब्र.विनय भैया, जयपुर के डॉ.सनत जैन व सागर के संजय भैया सम्पन्न करवाएंगे। महोत्सव का शुभारंभ 28 फरवरी को गर्भकल्याण्क पूर्वाद्ध की क्रियाओं से होगा। इस मौके पर पूजन, घटयात्रा के बाद महाध्वज स्थापना के रूप में ध्वजारोहण बाबा ज्ञानचंद, अशोक-मधु जैन, राकेश-दया जैन(आगोन वाले) फिरोजपुर झिरका करेंगे। हस्तिनानगरी के रूप में बनाए गए पांडाल का उद्घाटन समाजश्रेष्ठी सुभाष-पुष्पा, राजेन्द्र-कविता, विनोद-सोनिया, सचिन-कल्पना, दीपक-दीपिका बिजली वाले कामां निवासी करेंगे। आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन के बाद मुख्य कलश की स्थापना दुलीचंद, शीतल कुमार, सोनू बैनाडा कामां वाले करेंगे। चित्र अनवारण दिनेशचंद, नवीन कुमार जैन ठेकेदार कामां, दीप प्रज्जवलन रेवतीलाल, अनिल कुमार, नितिन, दिव्यांश जैन लहसिरया कामां करेंगे। दोपहर में यागमंडल,जाप्यादि के कलशों की स्थापना, पूजा, कुमारिका द्वारा जल लाला के बाद रात्रि में गर्भकल्याणक के पूर्व दृश्य, सौधर्म इन्द्र की सभा, तीर्थंकर माता के 16 स्वप्न आदि क्रियाएं दिखाई जाएगी।

महोत्सव के मुख्य संयोजक विकास बड़जात्या ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 29 फरवरी को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध की क्रियाएं की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मैजिक मिस्टिशया की विशेष प्रस्तुति केरल के मैजिशियन विलशन देंगे। 1 मार्च को जन्मकल्याण्क महोत्सव मनाया जाएगा। जन्मकल्याणक की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर हेलीकॉप्टर से प्रथम पुष्पवृष्टि समाजश्रेष्ठी परमानंद, मुकेश कुमार, विशाल कुमार, बबली, मनिक जैन कामा करेंगे। पांडुकशिला पर श्रीजी का जलाभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रोचक प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव के संयोजक प्रवीण बड़जात्या ने बताया कि महोत्सव के तहत 2 मार्च को तप कल्याणक मनाया जाएगा। जिसके तहत शाम को विक्की डी पारेख ज्येष्ठ पुत्र का राज्याभिषेक का मंचन होगा। महोत्सव के तहत 3 मार्च को सुबह ज्ञान कल्याणक मनाया जाएगा। रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक के तहत सुबह ज्ञानकल्याण्क पूजा, विश्वशांति महायज्ञ,श्रीमंडप से मंदिर तक शोभायात्रा, जिनालय पट्टादघाटन, श्रीजी को वेदियों में विराजमान कर शिखर पर नवीन ध्वज की स्थापना की जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके बाद गुरु मंदिर उद्घाटन, गुरू बिम्ब स्थापना, गुरु शिखर पर कलशारोहण, प्रतिष्ठा ध्वर अवरोहण व क्षमायाचना के साथ महोत्सव का समापन होगा।महोत्सव में जयपुर से विशेष बसों द्वारा हजारों जैन बन्धु शामिल होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि भट्टारक जी की नसियां में संवाददाता सम्मेलन में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की बहुरंगीय पत्रिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर कमल बाबू जैन, प्रदीप जैन, उदयभान जैन, मनीष बैद, राकेश गोदिका, चेतन जैन निमोडिया, सचिन जैन कामां, प्रवीण बडजात्या, विकास बडजात्या सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए ।

# गुवाहाटी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ने मनाया अपना वार्षिक उत्सव एक्सर्बिया: बोइचित्रा

■ संजीवनी टुडे

असम। गुवाहाटी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ने आज 23 फरवरी को अपने वार्षिक उत्सव 'एक्सर्बिया - बोइचित्रा' का समापन कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नृपेन दास, रजिस्ट्रार, असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों प्रोफ़ेसर कंदर्पा दास, कुलपति गिरिजानंद चौधरी ने भाग लिया । सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शुभ दीप प्रज्ज्वलन, प्रबंध और संस्थापक ट्रस्टी आर्किटेक्ट अबनी दास, ट्रस्टी दक्ष दास और सीईओ साहिल दास, प्रिंसिपल प्रोफ़ेसर यूके भूबालन के स्वागत भाषण और छात्रों द्वारा एक सुंदर स्वागत नृत्य के साथ हुई। इसके बाद बहारी सत्र परियोजना का प्रदर्शन किया गया, जो छात्रों, संकाय सदस्यों और जीसीएपी के प्रबंधन का एक संयुक्त प्रयास था। कॉलेज में विद्यार्थियों के कार्यों की एक छोटी प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पिछले 14 फरवरी को सरस्वती पूजा के उत्सव के साथ हुआ था , जिसने इस अवसर में उत्सव और उद्देश्य की एक और परत जोड़ दी। 8 दिनों का कार्यक्रम उत्सव और सीखने का समय



कॉलेज को परिभाषित करने वाली समृद्ध विविधता को दर्शाता है। छात्रों ने चार मौलिक टीमों, अग्नि, जल, वायु और पृथ्वी की भावना के साथ भारतीय कार्निवल की जीवंत शैली के एक रोमांचक मिश्रण से खुद को पछाड़ दिया। एक्सुर्बिया में विभिन्न विषयों और विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों की विविध प्रतिभाओं और उपलब्धियों का जश्न मनाने का समय है। पूरे सप्ताह खेल प्रतियोगिताएं , सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनियों जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और उसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि डॉ. नृपेन दास के अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक भाषण और जीसीएपी छात्रों के बैंड प्रदर्शन के साथ हुआ।

# श्री महावीर कॉलेज में मनाया वार्षिकोत्सव व आर्शीवचन समारोह

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। श्री महावीर कॉलेज ने महावीर सभागार में ''वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन मस्ती और जोश के साथ किया। वार्षिकोत्सव की थीम ल्ल्बॉलीवुड ग्लिट्ज'' रखी गई। जिसमें नृत्य और गानों के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा की गयी वर्ष पर्यन्त गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मंत्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट महेश काला, कॉलेज कन्वीनर सीए प्रमोद पाटनी, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया, संयुक्त मंत्री कमलबाबू जैन, मनीष बेद, मुकेश सोगानी, इंदु जैन, पी सी छाबड़ा, ऋषभ गोदिका एवं शिक्षा परिषद के अन्य गणमान्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्ष संघी ने अपने अभिभाषण से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं उन्हें आगे बढ़ने के



लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ आशीष गुप्ता ने वर्षभर की कॉलेज उपलब्धियों के बारे में बताया एवं उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। कॉलेज कन्वीनर प्रमोद पाटनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिकोत्सव के साथ ही साथ विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। इसमें बी. कॉम पास कोर्स, बी.कॉम ओनर्स, बीबीए, बीसीए, एम कॉम (ए बी एसटी, एच आर एम, एम कॉम)के अन्तिम सत्र के छात्र / छात्राओं को विदाई दी गई। इन सभी विद्यार्थियों को श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी फाउंडेशन की तरफ से प्रो रमेश अरोड़ा द्वारा लिखित पुस्तक स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।

# महेन्द्र कुमार ढाबी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मर्सी रिहैबिलिटेशन शेल्टर होम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 23.02.2024 को श्री महेन्द्र कुमार ढ़ाबी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा मर्सी रिहैबिलिटेशन शेल्टर होम सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण संस्थाओं में स्टॉप की स्थिति, आवासित बालकों को दी जाने वाली सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, फर्स्ड एड बॉक्स की व्यवस्था, कुशल परामर्शदाता, स्नानागार, पर्याप्त ओढने-बिछाने की व्यवस्था, आवासित बालकों के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन की व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ कर जांच की गई। साथ ही मौके पर उपस्थित मर्सी रिहवेलिशन सेल्टर होम की केयरटेकर निशा त्रिवेदी, आउटरीच वर्कर आशीष शर्मा व अन्य कर्मचारीगण को बालकों के कक्षों में साफ-सफाई रखने, औढने व बिछाने की पर्याप्त व्यवस्था रखने के संबंध में निर्देश प्रदान किये।



संस्था में प्रतिमाह बालकों के स्वास्थ्य जांच हेतु डॉक्टर की विजिट, संस्था में प्राथमिक उपचार किट, रसोई में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनदान, संस्था के परिसर को सर्दियों में गर्म एवं गर्मियों में ठण्डा रखने की व्यवस्था आदि के संबंध में निर्देश प्रदान किये तथा साथ ही संस्था में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का विवरण बोर्ड पर अंकित करने के निर्देश प्रदान किये।

# फोर्टी ने एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए साउथ कोरिया के प्रतिनिधि मण्डल के साथ किया मंथन

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। फ़ेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) कार्यालय में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल की अध्यक्षता में कोरिया ट्रेड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी के डायरेक्टर जनरल क्यू नेम किम तथा रौनक पारेख चीफ स्पेशलिस्ट एंड असिस्टेंट मैनेजर के साथ कोरिया से राजस्थान इंडस्ट्रीज को फोर्टी व कोटरा के माध्यम से एक्सपोर्ट में किस प्रकार से मदद मिल सकती है पर चर्चा की गईम् फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा की दरअसल हमारी सरकार आयात को कम कर निर्यात बढ़ाना चाहती है ,फोर्टी हमेशा ही राजस्थान के एक्सपोर्ट को बढ़ाने में प्रयासरत रहता है,कोरिया से कैसे एक्सपोर्ट को बढ़ाया जाए इस प्रबध में फोर्टी व कोटरा के बीच एक अनुबंध भी साइन किया जाएगा जिससे कोरिया से टेक्नोलॉजी को कैसे राजस्थान के उद्योग में समिल्लित किया जाए जिससे उद्योग क्षमता में वृद्धि हो और निर्यात को बढ़ाया जाए। राजस्थान के एक्सपोटर्स को एक नई मार्केट में कदम रखने का मौका मिलेगा ,फोर्टी कोरिया के ट्रेड और बिजनेस मॉडल का अध्ययन करेगा। कोरिया से टेक्नोलॉजी को कैसे राजस्थान के उद्योग में समिल्लित किया



जाए जिससे उद्योग क्षमता में वृद्धि हो और निर्यात को बढ़ाया जाए। स दौरान उपाध्यक्ष नीलम मित्तल ने कहा कोरिया के औद्योगिक सिस्?टम को समझने के लिए भविष्य में कोरिया भी विजिट किया जाएगा, फोर्टी सदस्यों ने इस मीटिंग में कोरिया अंतरराष्ट्रीय बिजनेस ट्रेंड को समझने का प्रयास किया । कोटरा के चीफ स्पेशलिस्ट रौनक पारेख जो कोटरा के गुजरात ऑफिस का संचालन कर रहे है कहना है कि कोटरा पहले केवल गुजरात को हो बिजनेस हब समझते थे परंतु राजस्थान में निर्यात की अपार संभावनाएं है इसी दृष्टि से हम राजस्थान में भी व्यापार विस्तार के बारे में योजना बना रहे है ,कोरिया से कंपनीज को आइडेंटिफाई करने के बाद ही बी 2 बी मीट करवाती है राजस्थान में एक्सपोर्ट को फोर्टी के साथ मिल कर एक नई दिशा प्रदान की जा सकती है । फोर्टी ट्रेड एक्सपो चेयरमैन प्रशांत शर्मा जी का कहना है कि भविष्य में कोटरा के साथ एमओयू साइन करके एक्सपोर्ट की नई संभावनाएं तलाशी जा सकती है, केमिकल,ब्यूटी प्रोडक्ट्स,ऑयल आदि के एक्सपोर्ट में एक नया मार्केट तलाशा जा सकता है। मीटिंग में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ,डायरेक्टर जनरल क्यू नेम किम तथा रौनक पारेख चीफ स्पेशलिस्ट एंड असिस्टेंट मैनेजर कोटरा , उपाध्यक्ष नीलम मित्तल ,प्रशांत शर्मा सीईओ इंटरनेशनल ट्रेड व फोर्टी जनरल मैनेजर दिव्या भटनागर शामिल रहे ।

# ईट राइट मिलेट्स मेला 2024 एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी मंडोर में हुआ आयोजित

■ संजीवनी टुडे

जोधपुर। प्राकृतिक संतुलन तथा किसानों के उत्थान के संदर्भ में भी मिलेट्स के महत्व देने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार ईट राइट मिलेट्स मेला 2024 जोधपुर की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी मंडोर में आयोजित किया गया। यह मेला खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, भारत सरकार आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान सरकार तथा जिला प्रशासन के निर्देशन में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान के समस्त संभाग मुख्यालयों पर ''ईट राइट मिलेट्स मेले'' का आयोजन 23 फरवरी शुक्रवार को जोधपुर की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी मंडोर में किया गया। मेले के मुख्य अतिथि श्रीमान प्रोफ़ेसर डॉ महेंद्र राठौड़ ने कहा कि जैसे-जैसे पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, मिलेट्स यानी मोटे अनाज का चलन बढ़ रहा है जबकि राजस्थान के गांवों में तो ज्वार बाजरा पहले से ही प्रचलित रहे हैं। ईट राइट मिलेट्स मेला जैसे आयोजनो के चलते श्री अन्न हमारी थाली में लौट रहे हैं। उन्होंने न केवल पोषण बल्कि प्राकृतिक संतुलन तथा किसानों के उत्थान के संदर्भ में भी मिलेट्स के महत्व को प्रतिपादित किया और सभी जोधपुर वासियों को अपने दैनिक खानपान में मोटे



अनाज को अपनाने का आह्वान किया। मेले मोटे अनाज से बने व्यंजनों की स्टॉल्स लगाई गई। जिसमें ज्वार, बाजरा, रागी, कुट्टू, राजगीरा, मक्का आदि मिलेट्स से बने खिचड़े, चूरमा, खीर, केक, शामक, हलवा व राबड़ी जैसे विभिन्न व्यंजन बनाए और खिलाए। मेले के दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता, मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी में एग्रिकल्चर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों व आमजन में खासा उत्साह दिखा। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मिलेट्स में बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक का मंचन कर मोटे अनाज के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विशिष्ठ अतिथि डॉ कांकाणी साइंटिस्ट काजरी, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी बीआर चौधरी, जोधपुर सीएमएचओ डॉ जितेंद्र पुरोहित, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जोनल डायरेक्टर रिसर्च डॉ एमएल मेहरिया ने मिलेट्स अनाज के बारे में संबोधित किया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेवंत सिंह, प्रवीण चौधरी, विजय कंवर, सुरेश माली, डिस्ट्रिक्ट अकाउंट मैनेजर एनएचएम अरविंद दाधीच, जिला आशा समन्वयक महावीर सिंह, जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक सरला दाधीच व असिस्टेंट प्रोग्रामर तेजाराम बिश्नोई सहित कार्मिक मौजूद रहे।

# मरू महोत्सव-2024 रेगिस्तानी जहाजों के नाम रहा तीसरा दिन, रोमांचक स्पर्धाओं ने बिखेरा जबर्दस्त आकर्षण

■ संजीवनी टुडे

## वायु सैनिकों की ड्रील ने किया मंत्र मुग्ध, साहसिक,

जैसलमेर । देश-दुनिया भर में मशहूर मरु महोत्सव के चार दिवसीय आयोजनों के तीसरे दिवस शुक्रवार को महोत्सव की अधिकांश गतिविधियां शहर के डेडानसर मैदान में केन्द्रित रही जहाँ रेगिस्तान के जहाज ऊँटों से जुड़ी कई स्पर्धाओं ने हजारों दर्शकों का मन मोह लिया वहीं रोमांच और साहस भरे करतबों से परिचय कराया। इसमें वायु सैनिकों के पराक्रम और कलात्मक शौर्य प्रदर्शन के साथ ही लोक कलाकारों द्वारा दी गई मनोहारी प्रस्तुतियों ने अभिभूत किए रखा। मरु महोत्सव के तीसरे दिन के विभिन्न कार्यक्रमों में अच्छी संख्या में स्थानीयों और देशी-विदेशी सैलानियों में जबर्दस्त उत्साह लहराता रहा। डेडानसर मैदान में मेले जैसा माहौल बना रहा। विदेशी पर्यटकों ने सभी कार्यक्रमों को उत्सव से देखा एवं चिरस्थायी याद के लिए अपने कैमरों में कैद किया। डेडानसर में आयोजित समारोह के दौरान जिला कलक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी हनुमानसिंह राठोड़, पुलिस उपअधीक्षक प्रियंका कुमावत, आयुक्त लजपाल सिंह सोढ़ा, सहायक निदेशक पर्यटन कृष्ण कुमार, तहसीलदार देशलाराम, पर्यटन अधिकारी खेमेन्द्र सिंह जाम, खेल अधिकारी राकेश विश्नोई, समाजसेवी कंवराजसिंह चौहान, अरूण पुरोहित के साथ ही अधिकारीगण, सीमा सुरक्षा बल, एयरफोर्स, आर्मी के अधिकारियों के साथ ही अच्छी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी व स्थानीय वाशिंदे उपस्थित थे। एयरफोर्स के जाबांजो द्वारा साहसिक एवं शारीरिक सन्तुलन को बनाएं रखते हुए ''एयर वॉरियर ड्रील की रोमांचक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सभी दर्शक अचम्भित से रह गए। टीम के प्रभारी एयर क्राफ्टमैन सुबरात्रा नन्दल के नेतृत्व में आकाशवीरो ने अपने हाथों में साढ़े पांच किलों वजन की राईफिल को खिलौने की तरह चलाकर सभी दर्शकों के रोंगटे खड़े करवा दिये। एयर वॉरियर ड्रिल में वायुयोद्धा कवायद ढोली ने विभिन्न फोर्मेशन प्रस्तुत कर सभी का चंकित कर दिया वहीं राइफल के बिच गुजरे योद्धा के साहसिक



दर्शय को सभी ने सराहा। महोत्सव के दौरान महिलाओं के मध्य पणिहारी मटका रेस का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं अपने सिर पर इडाणि रखकर पानी से भरा मटका लेकर निर्धारित स्थल पर पहुंची इस दृश्य को देख पूरा मैदान हंसी से खिल उठा। इस प्रतियोगिता में जैसलमेर की कविता प्रथम, फ्रांस की गेवेना एलेन द्वितीय एवं 35 वी बटालियन सीमा सुरक्षा बल की माया राठौड़ तृतीय स्थान पर रही। फ्रांस की ऐलेन को सिर पर मटका रखकर लगाई दौड़ सभी ने उत्साह से देखा एवं उसकी सराहना की। रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता भी रही बेहतरीन, पुरूषो में बाजी मारी भारतीय टीम ने महोत्सव के दौरान भारतीय एवं विदेशी पुरूष व महिलाओं के मध्य रस्सा-कस्सी की प्रतियोगिता हुई जिसमें दोनो टीमों ने अपने दम का जोर लगाया। भारतीय एवं विदेशी पुरूष टीम में भारतीय टीम लगातार दोनो राउण्ड जीतकर विजयश्री प्राप्त की। वही विदेशी एवं भारतीय महिला टीम में विदेशी महिला टीम ने लगातार दोनो राउण्ड जीतकर विजय प्राप्त की। इस दौरान ऊँट श्रृंगार प्रतियोगिता का भी बेहतरीन आयोजन हुआ, जिसमें रेगिस्तान के जहाज को पूर्ण रूप से सजाया गया। निर्णायको द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के कंवराजसिंह का ऊँट प्रथम, गिरधर राम का ऊँट द्वितीय एवं होटल रॉयल डेजर्ट सफारी के चेनाराम का ऊँट तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में आयुक्त नगर परिषद लजपाल सिंह सोढा, तहसीलदार देशलाराम एवं समाजसेवी कंवराजसिंह चौहान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शान-ए-मरूधरा भी रही रोचक प्रतियोगिता, कबड्डी मैच का आयोजन महोत्सव में शान-ए-मरूधरा प्रतियोगिता भी रोचक रही एवं सभी दर्शकों ने उत्साह से देखा। इसमें जेठुसिंह प्रथम, आर.पी. सिंह द्वितीय एवं राजेन्द्रसिंह तृतीय स्थान पर विजेता रहे। इसमे अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, उपखण्ड अधिकारी हनुमानसिंह राठौड़ एवं साहित्यकार लक्ष्मीनारायण खत्री ने निर्णायक की भूमिका निभाई। यहां पर जिला कबड्डी संघ बनाम पर्यटक की टीम के मध्य शानदार कबड्डी मैच का आयोजन हुआ। इसमें जिला कबड्डी संघ की टीम विजेता रही। जिला कलक्टर प्रतापसिंह, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम, समाजसेवी कंवराजसिंह चौहान, अरूण पुरोहित, मनीष पुरोहित ने विभिन्न प्रतियोगियो के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मरूश्री एवं व्याख्याता विजय बल्लाणी ने किया, वहीं अंग्रेजी में कमेन्ट्री बिकानेर के किशोरसिंह राजपुरोहित ने की। मरू महोत्सव के अवसर पर डेडानसर मैदान में शुक्रवार को सांय सीमा सुरक्षा बल के उप समादेष्टा मनोहर सिंह खिंची के नेतृत्व में ''कैमल टेटू शो'' का बेहतरीन एवं शानदार प्रस्तुति दी गई। इसमें रेगिस्तान के जहाज द्वारा खिंची के नेतृत्व में मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल नोर्थ योगेन्द्रसिंह राठौड़ को सलामी दी गई। कैमल टेटू शो में सीमा सुरक्षा बल के सजे-धजे बांके जवानों ने ऊँटों पर विश्व के आठवे अजूबे माउण्टेन बैड़ की राजस्थानी गीतों की मधुर स्वर लहरियों पर विभिन्न प्रकार के करतब प्रस्तुत किए गए, जिसको देखकर सभी दर्शक अचम्भित से रह गए। इस शो में चार-चार ऊँटों की क्रॉसिंग, 12-12 ऊँटों की क्रॉसिंग के साथ ही लहरिया फोर्मेशन, पीपल के पते का फोर्मेशन, जलेबी फोर्मेशन की शानदार प्रस्तुति दी एवं दर्शकों की वाहवाही लूटी। सीमा के प्रहरियों ने अपने साथी रेगिस्थान का जहाज पर शानदार का पीटी का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही कई हैरतअंगेज कार्यक्रम भी किए गए। डेडानसर मैदान में इस कार्यक्रम को देशी विदेशी पर्यटकों ने उत्साह के साथ देखा एवं कार्यक्रम को अपने केमरों मे कैद किया। कार्यक्रम का संचालन विजय बल्लाणी ने किया।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# भाजपा-शिवसेना की दोस्ती के निहितार्थ




पिछले साढ़े चार वर्षों से लगातार एक-दूसरे को पानी पी-पीकर कोसते रहे बरसों पुराने सहयोगी भाजपा और शिवसेना आखिरकार लोकसभा चुनाव के ऐलान से ठीक पहले एक-दूसरे के साथ आ ही गए। दरअसल आम चुनाव से पहले भाजपा के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है अपने सहयोगियों को अपने साथ बनाए रखना और शिवसेना के साथ चुनाव से पहले पुनः गठबंधन करने में सफल हुई भाजपा के लिए यह इस लिहाज से एक बड़ी सफलता मानी जानी चाहिए। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं और समझौते के तहत भाजपा को 25 और शिवसेना को 23 सीटें मिली हैं जबकि 288सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में दोनों दल 140-140सीटों पर चुनाव लड़ने को राजी हुए हैं जबकि 8 सीटें दूसरे सहयोगियों के लिए छोड़ी गई हैं। हालांकि शिवसेना की लंबे समय से मांग थी कि उसे अधिक सीटें दी जाएं और मुख्यमंत्री पद भी उसी की झोली में आए किन्तु भाजपा शिवसेना के दबाव के समक्ष न झुकते हुए भी गठबंधन करने में कामयाब रही। पिछले लोकसभा चुनाव में शिवसेना ने केवल 20सीटों पर चुनाव लड़ा था जबकि इस बार उसके खाते में 23 सीटें आई हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 24सीटों पर चुनाव लड़ा था और 23 सीटें जीती थी जबकि शिवसेना 22सीटों पर लड़कर 18 सीटें जीतने में सफल हुई थी।

वैसे पिछले काफी समय से शिवसेना जिस प्रकार एनडीए का अहम हिस्सा रहते हुए भी भाजपा के खिलाफ मुखर रही और बार-बार अपने तीखे तेवरों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपाध्यक्ष अमित शाह को भी आड़े हाथों लेती रही, उससे राजनीतिक हलकों में कयास लगाए जाते रहे कि दोनों के रिश्तों में पैदा हो चुकी कड़वाहट को देखते हुए शायद अब दोनों का गठबंधन न हो पाए किन्तु राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं और यही भाजपा-शिवसेना द्वारा गठबंधन कर चुनावी मैदान में कूदने के मौजूदा फैसले से साबित भी हुआ है। दोनों दल 2014 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरे थे और भाजपा शिवसेना से 5 सीटें ज्यादा जीतने में सफल हुई थी, जिसके बाद भाजपा ने विधानसभा चुनाव में शिवसेना से ज्यादा सीटों की मांग की लेकिन शिवसेना ने इस मांग को ठुकराते हुए गठबंधन तोड़ना बेहतर समझा। तभी से दोनों के रिश्तों में खटास देखी जा रही थी और यह खटास किस कदर कड़वाहट में बदल रही थी, उसका अनुमान शिवसेना नेताओं के भाजपा के लिए समय-समय पर दिए गए बयानों से सहज ही लगाया जा सकता है। एक कार्यक्रम में तो शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के सम्पादक संजय राउत ने यहां तक कह डाला था कि भाजपा ने उसका चुम्मा लिया तो भी उसके साथ गठबंधन मुमकिन नहीं है जबकि शिवसेना प्रमुख उद्धवठाकरे भी लंबे समय से भाजपा नेताओं पर तीखे हमले करते रहे। कुछ ही समय पहले उन्होंने पंढरपुर की रैली में कहा था, ''गठबंधन गया गड्ढे में, आजकल तो चौकीदार भी चोरी करने लगे है।''

गत वर्ष जनवरी माह में शिवसेना ने कहा था कि 2019 के लोकसभा और फिर विधानसभा चुनावों में वह भाजपा से अलग होकर चुनाव लड़ेगी लेकिन उसके बाद 11 अप्रैल 2018 को एक समारोह में शिवसेना सांसद संजय राउत के सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री देवेन्द्रफड़नवीस ने स्पष्ट करते हुए कहा था कि शिवसेना ने भाजपा के साथ सौतन की तरह व्यवहार किया किन्तु 2019 के चुनाव में शिवसेना के समक्ष भाजपा के साथ हाथ मिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उससे एक ओर जहां भाजपा-शिवसेना के दरकते रिश्तों को लेकर नई बहस शुरू हो गई थी, वहीं काफी हद तक यह भी स्पष्ट हो गया था कि तमाम विरोधाभासों बयानों के बावजूद चुनावों से पहले दोनों दलों का गठबंधन तय है। शिवसेना की ओर से कहा जाता रहा कि भाजपा विगत तीन वर्षों से सहयोगी होने के बावजूद शिवसेना का मनोबल गिराने का कार्य कर रही है और भाजपा द्वारा शिवसेना को उचित सम्मान न दिए जाने के कारण ही इस दोस्ती में दरार पैदा हुई है, जिस कारण इस रिश्ते को कायम रखना संभव नहीं। जिस प्रकार काफी समय से तीखे तेवर अपनाते हुए शिवसेना भाजपा को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रही थी लेकिन अलग चुनाव लड़ने की घोषणा के बावजूद प्रदेश और केन्द्र दोनों ही जगह भाजपा की सहयोगी की भूमिका में सत्ता सुख भी भोगती रही, उससे यही संकेत मिलते रहे कि अंततः चुनाव आते-आते दोनों फिर एक साथ चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों से बढ़ेगी मंहगाई




### विचार बिन्दु

**पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों के लिये आम तौर पर केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया जाता है। वहीं जमीनी सच्चाई यह भी है कि राज्य सरकारें भी इस बारे में कम कसूरवार नहीं है। इसी वजह से पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के अंतर्गत लाने के लिए कोई राज्य सरकार तैयार नहीं है। अब जबकि पेट्रोल-डीजल के दाम एक सौ आंकड़ा छूने की स्थिति में आ गए हैं और केंद्र सरकार ने अपना पल्ला झाड़कर मामला पेट्रोलियम कम्पनियों पर छोड़ दिया है तब इस बात का भी विश्लेषण होना चाहिए कि लम्बे लॉकडाउन के बाद भी इन कम्पनियों ने आखिर जबरदस्त मुनाफा कैसे कमाया?**



राजेश माहेश्वरी

वैश्विक महामारी कोरोना ने विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। लॉकडाउन खुलने के बाद से देश में मंहगाई दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। खाने-पीने के चीजों से लेकर जिस तरह पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों मे बढ़ोत्तरी हो रही है, वो चिंता की बड़ी वजह है। पेट्रोल और डीजल की लगतार बढ़ती कीमतों के लिये सऊदी अरब द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कमी किया जाना बड़ी वजह बताया जा रहा हो, लेकिन कहीं न कहीं केंद्र और राज्य सरकारों का मुनाफाखोर आचरण भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है। पेट्रोल डीजल की लगतार बढ़ती कीमतों के साथ पिछले दो महीनों में ही एलपीजी गैस की कीमतें 175 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है और इससे मांग घटती है। खासतौर पर गरीब और हाशिए पर मौजूद तबके के लिए ज्यादा मुश्किलें बढ़ती हैं। 15 जून 2017 से देश में पेट्रोल, डीजल की कीमतें रोजाना आधार पर बदलना शुरू हो गई हैं। इससे पहले इनमें हर तिमाही बदलाव होता था। पूरी दुनिया में कोविड-19 महामारी के चलते क्रूड की कीमतें नीचे आई हैं, लेकिन भारत में ईंधन के दाम कम नहीं हुए हैं।

सरकार एक तरफ तो उद्योगों, किसानों और नौकरपेशा के हित के लिए राहत के पैकेज घोषित किया करती हैं लेकिन जिन पेट्रोल और डीजल की कीमतें समूची अर्थव्यवस्था को प्राथमिक स्तर से ही प्रभावित करती हैं उनके बारे में वह बेहद असंवेदनशीलता का प्रदर्शन कर रही है। वास्तव में सरकार के लिए शराब और पेट्रोल, डीजल कमाई का एक सबसे बढ़िया जरिया हैं। ये जीएसटी के दायरे में नहीं आते हैं, ऐसे में इन पर टैक्स बढ़ाने के लिए सरकार को जीएसटी काउंसिल में नहीं जाना पड़ता है। कोरोना महामारी के दौरान क्रूड के दाम नीचे आए, ऐसे में इसी हिसाब से पेट्रोल के दाम भी गिरने चाहिए थे, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। अर्थ जगत के विशेषज्ञ मानते हैं कि पेट्रोलियम की कीमतों में 10 फीसद की बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई दर में 20 आधार अंक यानी 0.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का भार किस हद तक दूसरों पर डाला जाता है। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो महंगाई दर अपने निचले स्तर से ऊपर निकल चुकी है। आने वाले महीनों में यह और बढ़ेगी। खुदरा महंगाई दर अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही में पांच से साढ़े पांच फीसद तक रह सकती है। इस साल जनवरी में खुदरा वस्तुओं की महंगाई दर 4.06 फीसद रही थी।आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में 10 फीसद की वार्षिक बढ़ोतरी से चालू खाते के घाटे में जीडीपी के 50 आधार अंक के बराबर की बढ़ोतरी हो जाती है। इससे राजकोषीय घाटे में इजाफा होगा, जो सरकार पर वित्तीय दबाव को बढ़ाता है।

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत से उत्पादन की लागत बढ़ जाना सामान्य बात है। उत्पाद की बढ़ी हुई कीमतें सीधे तौर पर प्रतिस्पर्धा की क्षमता को प्रभावित करती हैं। देश का 70 प्रतिशत से ज्यादा ट्रांसपोर्ट पेट्रोलियम पर निर्भर करता है और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत से इस पर असर पड़ेगा। छोटे उद्यमियों की माने तो पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत आने वाले समय में उनके लिए कई मुसीबतें एक साथ लाने वाली हैं। कच्चे माल की कीमत पहले से 25 से 70 फीसद तक बढ़ चुकी है। अर्थव्यवस्था में रिकवरी का दौर इन बढ़ती कीमतों से प्रभावित होगा, क्योंकि उत्पादन की तीसरी सबसे बड़ी लागत ट्रांसपोर्ट एवं अन्य लॉजिस्टिक से जुड़ी होती है। कोरोना की वजह से उत्पादन का मुनाफा पहले से ही दबाव में है। यह दबाव और बढ़ने पर उत्पादक कीमत बढ़ाएंगे, जिससे महंगाई बढ़ेगी। आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक आवश्यक वस्तुओं की 90 फीसद ढुलाई सड़क मार्ग से होती है और डीजल के दाम बढ़ने से इनकी कीमत भी बढ़ेगी। जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 1.89 फीसद रही, लेकिन ढुलाई लागत बढ़ने से इसमें वृद्धि की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पेट्रोल-डीजल के दाम में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी से महंगाई दर बढ़ेगी, जिससे अन्य वस्तुओं की मांग में कमी आएगी, जो रिकवरी के इस दौर में अच्छी बात नहीं है। महंगाई बढ़ने से मैन्यूफैक्चछरग में तेजी लाने के प्रयास भी प्रभावित होंगे। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो ऐसा खतरनाक चक्र पैदा होगा, जिससे आरबीआइ को नीतिगत दरों में वृद्धि के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इसके चैतरफा नकारात्मक असर को थामना बहुत आसान नहीं होगा। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि कोरोना काल में केंद्र और राज्य दोनों की आर्थिक स्थिति खराब हो जाने से राजस्व में जबरदस्त कमी रिकार्ड की गयी। उद्योग-व्यापार बंद हो गये और लोगों की आवागमन भी थम सा गया। निश्चित रूप से उन हालातों में देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाये रखना बहुत बड़ी समस्या थी किन्तु किसी तरह से गाड़ी खींची जाती रही।

कोरोना काल में प्रत्यक्ष करों से होने वाली आय में भी जबर्दस्त गिरावट आई थी। लॉक डाउन हटने के कुछ महीने बाद तक जीएसटी की वसूली भी अपर्याप्त थी। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार को राजस्व वसूली का सबसे आसान स्रोत समझ आया पेट्रोल और डीजल। भले ही सरकार ये दावा करती हो कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय उतार-चढ़ाव पर निर्भर हैं लेकिन भारत में केंद्र और राज्यों द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों पर जितना कर लगाया जाता हैं वह विकसित देशों को तो छोड़ दें भारत से आकार और आर्थिक दृष्टि से कमजोर छोटे-छोटे देशों तक की तुलना में बहुत ज्यादा है जिसके आंकड़े किसी से छिपे नहीं हैं। ईंधन की कीमतें हर राज्य में अलग-अलग हैं। ये राज्य की वैट दर, या स्थानीय करों पर निर्भर करती हैं। इसके अलावा इसमें केंद्र सरकार के टैक्स भी शामिल होते हैं। दूसरी ओर क्रूड ऑयल की कीमतों और फॉरेक्स रेट्स का असर भी इन पर होता है। सरकारी करों की विसंगति का प्रमाण ही है कि विभिन्न राज्यों में पेट्रोल डीजल के दाम अलग-अलग हैं। उदहारण के तौर पर उप्र और मप्र में पेट्रोल डीजल की कीमतों में तकरीबन 8 रूपये प्रति लीटर का अंतर है।

पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों के लिये आम तौर पर केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया जाता है। वहीं जमीनी सच्चाई यह भी है कि राज्य सरकारें भी इस बारे में कम कसूरवार नहीं है। इसी वजह से पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के अंतर्गत लाने के लिए कोई राज्य सरकार तैयार नहीं है। अब जबकि पेट्रोल-डीजल के दाम एक सौ आंकड़ा छूने की स्थिति में आ गए हैं और केंद्र सरकार ने अपना पल्ला झाड़कर मामला पेट्रोलियम कम्पनियों पर छोड़ दिया है तब इस बात का भी विश्लेषण होना चाहिए कि लम्बे लॉकडाउन के बाद भी इन कम्पनियों ने आखिर जबरदस्त मुनाफा कैसे कमाया? और यदि कमा भी लिया तब अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के साथ ही उन्हें दाम घटाकर जनता को राहत देने की उदारता दिखानी चाहिए। पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि के साथ गैस सिलेण्डर और प्याज की बढ़ी कीमतें भी आम आदमी का बजट बिगाड़ रही हैं। निश्चित तौर पर सरकार के पास पेट्रोलियम उत्पादों के दाम घटाने के विकल्प हैं। इनमें कीमतों को डीरेगुलेट करने और इन पर टैक्स घटाने के विकल्प शामिल हैं।

# आदर्श जीवन की प्रणेता हैं भगवती श्रीसीता, सदैव श्रीराम का साथ दिया

भगवान श्रीराम की पत्नी सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं इसलिए उन्हें जानकी नाम से भी पुकारा जाता है। रामायण ग्रंथ के अनुसार सीताजी ने उच्च मर्यादित जीवन जिया और सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि सीताजी टेस्ट ट्यूब बेबी थीं इस बात को लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया। काश हमारे नेता जनजीवन के लिए आदर्श व्यक्तित्वों और भगवान के अवतारों के बारे में कोई बयान देने से पहले उनके बारे में पढ़ लिया करें। भगवान श्रीराम की पत्नी सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं इसलिए उन्हें जानकी नाम से भी पुकारा जाता है। रामायण ग्रंथ के अनुसार सीताजी ने उच्च मर्यादित जीवन जिया और सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं। भारतीय देवियों में भगवती श्रीसीताजी का स्थान सर्वोत्तम है।

रामायण ग्रंथ के मुताबिक प्राचीन काल में मिथिलापुरी में सीरध्वज जनक नाम के प्रसिद्ध धर्मात्मा राजा राज्य करते थे। वे शास्त्रों के ज्ञाता, परम वैराग्यवान तथा ब्रह्मज्ञानी थे। एक बार राजा जनक यज्ञ के लिए भूमि जोत रहे थे। भूमि जोतते समय हल का फाल एक घड़े से टकरा गया। राजा ने वह घड़ा बाहर निकलवाया। उससे राजा को अत्यन्त ही रूपवती कन्या की प्राप्ति हुई। राजा ने उस कन्या को भगवान का दिया हुआ प्रसाद माना और उसे पुत्री के रूप में बड़े लाड़ प्यार से पाला। उस कन्या का नाम सीता रखा गया। जनक की पुत्री होने के कारण वह जानकी भी कहलाने लगीं।

धीरे धीरे जानकीजी विवाह योग्य हो गयीं। महाराज जनक ने धनुष यज्ञ के माध्यम से उनके स्वयंवर का आयोजन किया। निमंत्रण पाकर देश विदेश के राजा मिथिला में आये। महर्षि विश्वामित्र भी श्रीराम और लक्ष्मण के साथ यज्ञोत्सव देखने के लिए मिथिला में पधारे। राजा जनक को जब उनके आने का समाचार मिला तब वे श्रेष्ठ पुरुषों और ब्राह्मणों को लेकर उसने मिलने के लिए गये। श्रीराम की मनोहारिणी मूर्ति देखकर राजा विशेष रूप से विदेह हो गये। विश्वामित्र जी ने श्रीराम के शौर्य की प्रशंसा करते हुए महाराज जनक से अयोध्या के दशरथनंदन के रूप में उनका परिचय कराया। परिचय पाकर महाराजा जनक को विशेष प्रसन्नता हुई। पुष्पवाटिका में श्रीराम?सीता का प्रथम परिचय हुआ। दोनों चिरप्रेमी एक दूसरे की मनोहर मूर्ति को अपने हृदय में रखकर वापस लौटे। सीताजी का स्वयंवर आरंभ हुआ। देश विदेश के राजा, ऋषि मुनि, नगरवासी सभी अपने अपने नियत स्थान पर आसीन हुए। श्रीराम और लक्ष्मण भी विश्वामित्र जी के साथ एक ऊंचे आसन पर विराजमान हुए। भाटों ने महाराज जनक के प्रण की घोषणा की। शिवजी के कठोर धनुष ने वहां उपस्थित सभी राजाओं के दर्प को चूर चूर कर दिया। अंत में श्रीरामजी विश्वामित्र की आज्ञा से धनुष के समीप गये। उन्होंने मन ही मन गुरु को प्रणाम करके बड़े ही आराम से धनुष को उठा लिया। एक बिजली सी कौंधी और धनुष दो टुकड़े होकर पृथ्वी पर आ गया। प्रसन्नता के आवेग और सखियों के मंगल गान के साथ सीताजी ने श्रीराम के गले में जयमाला डाली। महाराज दशरथ को जनक का आमंत्रण प्राप्त हुआ। श्रीराम के साथ उनके शेष तीनों भाई भी जनकपुर में विवाहित हुए। बारात विदा हुई तथा पुत्रों और पुत्रवधुओं के साथ महाराजा दशरथ अयोध्या पहुंचे। श्रीराम को राज्याभिषेक के बदले अचानक चौदह वर्ष का वनवास हुआ। सीताजी ने तत्काल अपने कर्तव्य का निश्चय कर लिया। श्रीराम के द्वारा अयोध्या में रहने के आग्रह के बाद भी सीताजी ने सभी सुखों का त्याग कर दिया और वे श्रीराम के साथ वन को चली गयीं।




## 24 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1739 | करनाल में हुए युद्ध में फ़ारस पर सत्तासीन तुर्क नादिरशाह ने मुग़ल शहंशाह आलम की भारतीय सेना को हरा दिया। |
| 1821 | मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। |
| 1822 | दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ। |
| 1831 | दा ट्रीटि ऑफ़ डासिंग रेबिट क्रीक वह पहली संधि है जिसे भारतीय रिमूवल एक्ट से हटाने की घोषणा की गयी। |
| 1882 | संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान आज ही के दिन की गई थी। |
| 1894 | निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर कब्जा किया। |
| 1895 | क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरु हुई। |
| 1976 | अर्जेन्टीना में सेना प्रमुखों द्वारा बलात सत्ता ग्रहण, राष्ट्रपति श्रीमती पैरों गिरफ्तार एवं संसद भंग। |
| 2001 | पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार। |
| 2003 | चीन के जिजियांग प्रान्त में भीषण भूकम्प से 257 मरे। |
| 2004 | रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को उनके पद से हटाया। |
| 2006 | फिलीपींस में तख्तापलट की कोशिश के बाद आपातकाल लागू। |
| 2008 | रिलायंस पावर ने अपने शेयर धारकों की क्षतिपूर्ति के लिए बोनस शेयर जारी करने का फैसला किया। |

# अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता उन्मूलन के लिए काम किया संत गाडगे बाबा ने

### विचार बिन्दु



पन्नालाल मेघवाल

वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।

संत गाडगे बाबा बीसवीं सदी के समाज सुधार आंदोलन में शामिल महापुरुषों में से एक थे। उन्होंने गरीबों एवं दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता उन्मूलन के लिए काम किया। संत गाडगे बाबा ने आजीवन गरीबों, कमजोरों, अनाथों एवं विकलांगों की सेवा की। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरुआत की। वे गरीब, दीन दुःखी, अनाथ एवं विकलांगों को देवता मानकर सेवा करते थे।

संत गाडगे बाबा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेंडगांव में 23 फरवरी 1876 को हुआ था। उनका पूरा नाम देबूजी जिंगराजी जनोरकर था। उनके पिताजी का नाम जिंगराजी रानोजी जानोरकर था। माताजी का नाम सखुबाई जिंगराजी जानोरकर था। गाडगे बाबा वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों की सेवा में लगा दिया। उनका कीर्तन लोक ज्ञान का अंग था। वे अपने कीर्तनों के माध्यम से समाज के पाखंड और परंपरा की आलोचना करते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता,



अंधविश्वास, अवांछित रीति-रिवाजों एवं कुरीतियों को समाप्त करने में समर्पित किया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। अपने कीर्तन में वे श्रोताओं को अज्ञानता, अंधविश्वास एवं कुरीतियां समाप्त करने का संदेश देते थे। उनके उपदेश सरल और सहज होते थे। वे अपने कीर्तनों में कहा करते थे कि 'चोरी मत करो, साहूकारों से कर्ज मत लो, व्यसनों से दूर रहो, भगवान और धर्म के नाम पर जानवरों को मत मारो, जातिगत भेदभाव और छुआछूत मत करो।' उन्होंने आम लोगों के मन में यह बात बैठाने की कोशिश की कि भगवान पत्थर में नहीं बल्कि इंसानों में हैं। वे संत तुकाराम महाराज को अपना गुरु मानते थे। उन्होंने हमेशा कहा, 'मैं किसी का गुरु नहीं हूं, मेरा कोई शिष्य नहीं है'। अपने विचारों को लोगों तक पहुँचाने के लिए वे ग्रामीण भाषा मुख्य रूप से वरहाड़ी बोली का प्रयोग करते थे। गाडगे बाबा अपने कीर्तन में संत तुकाराम एवं कबीर के दोहो का उपयोग करते थे। उनके कीर्तन में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती थी। संत गाडगे बाबा ने महाराष्ट्र के नासिक, देहू, आलंदी एवं पंढरपुर में कीर्तन में भाग लेने वाले अनुयायियों के लिए धर्मशालाएँ बनवाईं। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए स्कूल बनवाएं। असहाय, विकलांग एवं कुष्ठ रोगियों के लिए अस्पताल बनवाए। उनके रहने के लिए आश्रय स्थल एवं भोजनशालाएं बनवाईं। कई नदियों के किनारे घाट बनवाए।

संत गाडगे बाबा जहां भी गंदगी देखते थे। झाड़ू लेकर सफाई करने लगते थे। उन्हें देखकर गांव के लोग भी सफाई में जुट जाते थे। गांवों की सफाई करने के बाद शाम को कीर्तन का आयोजन करते थे। अपने कीर्तनों के माध्यम से जन-जन तक लोकोपकार और समाज कल्याण का प्रसार करते थे। अपने कीर्तनों के समय वे लोगों को अन्धविश्वास एवं कुरीतियां मिटाने का संदेश देते थे। वे अपने कीर्तन में संत तुकाराम एवं कबीर के दोहों का भी उपयोग करते थे। संत गाडगे बाबा ने समाज को दस सूत्रीय संदेश दिया। भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, गरीबों को सहायता, बेघर को घर, अशिक्षतों को शिक्षा, अंधों को आश्रय, बीमारों को दवाई, बेरोजगारों को रोजगार, पक्षियों को दाना एवं पशुओं को चारा देना ही ईश्वर आराधना है। महाराष्ट्र सरकार ने अमरावती विश्वविद्यालय का नाम 'संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय' रखा है। सरकार ने 2000-01 में 'संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता पुरस्कार' आरंभ किया। जो ग्रामवासी अपने गांवों को स्वच्छ रखते है, उन्हें यह पुरस्कार दिया जाता है। भारत सरकार ने भी उनके सम्मान में कई पुरस्कार जारी किये। 20 दिसंबर 1956 को अमरावती के पास वलगाँव में पेढ़ी नदी के पुल के पास उनका निधन हो गया। संत तुकडो जी ने एक पुस्तक में लिखा कि 'उन्होंने बुद्ध की तरह अपना घर परिवार छोड़कर मानव कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। मानवता के पुजारी राष्ट्र संत गाडगे बाबा एक सच्चे निष्काम कर्मयोगी थे।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

## रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।


## सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।




## रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



## बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

## बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्ि्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

## खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

# चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।

## साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

## इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



# मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का ख़ज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थ का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

## गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

## दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

## मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यत: मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यत: मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।




# 'मैं शादीशुदा हूं' अमीषा पटेल के बयान ने मचाई खलबली

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल हमेशा ही किसी न किसी वजह से खबरों में छाई रहती हैं। अमीषा के लिए बीता साल काफी लकी रहा। उनकी फिल्म 'गदर 2' से एक बार फिर से उनका करियर पटरी पर लौटा। इसी बीच अब 48 साल की सकीना यानी अमीषा के एक इंटरव्यू ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। इस इंटरव्यू में अमीषा ने कहा कि वो 'शादीशुदा' हैं। ऐसे में अब सवाल ये उठता है कि आखिर उनका दूल्हा कौन है और उन्होंने कब शादी हुई? 'गदर' एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में अमीषा ने कहा कि मैं शादीशुदा हूं। असल जिंदगी में मैंने भले ही शादी नहीं की है, लेकिन मैं एक शख्स को बेहद प्यार करती हूं।

लाइफ Style

# करीना कपूर

## 80 कारीगरों ने तैयार किया ड्रेस



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपने स्टाइल के लिए भी खूब जानी जाती है। बेबो अपने रेड कार्पेट से लेकर प्रेगनेंसी और कैजुअल लुक्स में कभी कोई कमी नहीं आने दी। एक्ट्रेस के चाहने वाले भी अक्सर उनके लुक को कॉपी करते हैं। हाल ही में करीना एक ट्रेडिशनल लुक में नजर आई और उनके इस लुक को काफी पसंद किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब करीना के डिजाइनर ने ड्रेस को लेकर अहम जानकारी साझा की है। 20 फरवरी की रात मुंबई में दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ था, जिसमें कई सेलेब्स ने रेड कारपेट पर अपना जलवा दिखाया था। इन्हीं में से एक करीना कपूर खान भी थी। काफी समय बाद करीना किसी अवॉर्ड शो में नजर आई थी। इस दौरान बेबो ने एक बार फिर अपने लुक्स से लोगों का दिल जीता या यूं कहे की रेड कारपेट पर सारी लाइमलाइट करीना ने ही लूटी थी। इस मौके पर एक्ट्रेस ने डीप नेक ऑफ शोल्डर बेज कलर का अनारकली सूट पहना था। दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में करीना ने फेमस डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला के कलेक्शन से ये सूट पहना था। अब डिजाइनर ने इस सूट की सारी जानकारी सोशल मीडिया पर फोटोज के साथ साझा की है। करीना की फोटोज शेयर करते हुए डिजाइनर ने कैप्शन में लिखा, दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड्स में करीना कपूर खान कस्टम अबू जानी संदीप खोसला के परिधान में नजर आईं, जिसे 100 मास्टर कारीगरों ने अपने हाथों से बनाया है। इसमें हाथ से कढ़ाई की गई है।

हॉलीवुड मसाला

# कैमरे के सामने हुईं टॉपलेस



लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर सेलेना गोमेज किसी न किसी वजह से अक्सर चर्चा में रहती हैं। रिलेशनशिप हो या फिर बोल्ड फोटोज, सेलेना हेडलाइंस में अपनी जगह बना ही लेती हैं। इन दिनों सिंगर की टॉपलेस तस्वीर ने सनसनी मचा दी है। सेलेना गोमेज इन दिनों पेरिस में छुट्टियां मना रही हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली सेलेना ने अपने हालिया पोस्ट में पेरिस से कुछ बोल्ड फोटोज शेयर की हैं। 'व्हू सेस' सिंगर सेलेना गोमेज ने 19 फरवरी 2024 को इंस्टाग्राम अकाउंट पर पेरिस से कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।



# टिमोथी-जेंडाया की जोड़ी फिर मचाएगी धमाल

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'ड्यून' अपने दूसरे भाग के रिलीज के लिए तैयार है। साल 2021 में इस फिल्म ने छह अकादमी पुरस्कार अपने नाम किए थे, जिसके दूसरे भाग को लेकर दर्शक खूब उत्साहित हैं। निर्माता डेनिस विलेनयूवे की 'ड्यून: पार्ट 2' में टिमोथी चेलमेट, जेंडाया, रेबेका फर्ग्यूसन, जोश ब्रोलिन, ऑस्टिन बटलर, फ्लोरेंस पुग, डेव बतिस्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म फ्रैंक हर्बर्ट के चर्चित उपन्यास 'ड्यून' की कहानी पर आधारित है। फिल्म में हॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री जेंडाया अपने 'चानी' के किरदार में फिर से नजर आएंगी, जो 'ड्यून' में अपने प्यार 'पॉल' के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थी। फिल्म पॉल का किरदार टिमोथी चेलमेट ने निभाया था।



# कियारा की किलर लुक देख फिदा हुए फैंस

मुंबई। कियारा आडवाणी के खाते में बॉलीवुड की कई सुपरहिट फिल्में दर्ज हैं। अब वो डॉन यूनिवर्स का हिस्सा भी बन गई हैं। हाल ही में मेकर्स ने डॉन 3 में उन्हें बतौर लीड एक्ट्रेस लेने का एलान किया। इस घोषणा के बाद एक्ट्रेस अब पहली बार मीडिया में स्पॉट हुईं।डॉन 3 की चर्चा के बीच कियारा आडवाणी का लेटेस्ट वीडियो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रहा है। खूबसूरत कियारा का सिजलिंग लुक ध्यान खींचने वाला है। कियारा आडवाणी हाल ही में एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस के बाहर स्पॉट हुईं। कियारा आडवाणी, एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस में जैसे ही एंट्री कर रही थीं, उनकी नजर बाहर खड़े पैपराजी पर पड़ी। एक्ट्रेस तुरंत रुक गईं और स्माइल करते हुए कैमरे के लिए पोज किया।



# 'मैं डिस्टर्ब हो गया था...' सुनील का खुलासा

मुंबई। फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा का शो 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' और 'द कपिल शर्मा शो' दोनों ने ही कामयाबी की खूब उड़ान भरी। कपिल की पूरी टीम भी पॉप्युलर हुई, जिसमें सुनील ग्रोवर भी शामिल थे। वो कभी 'गुत्थी' बनकर सबको हंसाते तो कभी 'डॉक्टर मशहूर गुलाटी' बन दर्शकों के पेट में दर्द कर देते थे। लेकिन फैंस को तब झटका लगा, जब साल 2017 में इनकी लड़ाई हुई और फिर ये अलग हो गए। अब दोनों नेटफ्लिक्स के शो में साथ आ रहे हैं। इस बीच सुनील ने खुलासा किया कि कपिल संग झगड़े के बाद वो डिस्टर्ब हो गए थे। 46 साल के सुनील ग्रोवर ने बात करते हुए कपिल शर्मा के साथ अपने रिश्ते और उनके आने वाले शो के बारे में बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बीच सबकुछ ठीक है तो उन्होंने जवाब दिया, 'मुझे ऐसा लगता है।'

टीवी मसाला

# मनारा की सिद्धिविनायक मंदिर जाने की इच्छा होगी पूरी




मुंबई। बिग बॉस 17 की रनर-अप मनारा चोपड़ा ने शो के दौरान कई दोस्त बनाए। अब शो से बाहर उनकी ये दोस्तियां मजबूत हो रही हैं। हाल ही में तहलका ने उन्हें 40 लाख का तोहफा गिफ्ट किया था। वहीं, अब उन्होंने मनारा चोपड़ा की एक और इच्छा पूरी की, जिसमें उनका साथ पत्नी दीपिका कक्कड़ ने भी दिया। मनारा चोपड़ा, सनी आर्या (तहलका) और दीपिका कक्कड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस ने अपनी अधूरी इच्छा पूरी होने के बारे में बताया। मनारा चोपड़ा ने बताया कि वो बिग बॉस 17 में शामिल होने के दौरान ही भगवान के दर्शन करना चाहती थीं। शो से बाहर आने के बाद पिछले काफी वक्त से उनका मंदिर जाने का मन था, लेकिन ये इच्छा पूरी नहीं हो पा रही थी। वहीं, अब काफी लंबे वक्त बाद मंदिर जा रही हैं, वो भी मुंबई के चर्चित सिद्धिविनायक मंदिर।

## अंकिता ने किया सपनों की रानी माधुरी संग डांस



मुंबई। अंकिता लोखंडे बिग बॉस 17 से बाहर आने के बाद लगातार छाई हुई हैं। शो में उनकी और पति विक्की जैन की लड़ाई को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हालांकि, कई यूजर्स ने इस कपल अपना गुस्सा भी जाहिर किया। शो में जहां अंकिता हमेशा विक्की से टाइम नहीं देता को लेकर शिकायत करती नजर आई थीं। तो वहीं बाहर आने के बाद हमेशा पति के साथ वक्त गुजारती नजर आ रही हैं। कई बाद इस कपल को एक साथ स्पॉट किया गया है। हाल ही में विक्की और अंकिता शो डांस दीवाने के सेट पर पहुंचे थे। वहीं अब अंकिता ने अपने इंस्टाग्राम पर शो का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह डांस क्वीन माधुरी दीक्षित के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। इन दिनों माधुरी दीक्षित शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रही हैं।



# शादी के जोड़े में अप्सरा सी खूबसूरत दिखीं रकुल प्रीत

मुंबई। रकुल प्रीत सिंह हल्के गुलाबी रंग के लहंगे में अप्सरा की तरह खूबसूरत लग रही हैं, वहीं जैकी भगनानी सफेद रंग की शेरवानी में बेहद हैंडसम लग रहे हैं। जैकी भगनानी एक फोटो में रकुल प्रीत सिंह की मांग में सिंदूर भरते दिखाई दे रहे हैं, वहीं दूसरी फोटो में दोनों काफी खुश नजर आ रहे हैं। दोनों ने इंस्टाग्राम पर शादी की फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब तुम मेरे हमेशा के लिए हुए।' फोटोज पर कमेंट करके फैंस बधाई दे रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने पंजाबी और सिंधी रीति-रिवाजों से शादी की है। कपल की शादी में फिल्म जगत के तमाम सितारे पहुंचे।

## 700 करोड़ कमाने वाली सालार बनी 'फिल्म ऑफ द ईयर'

मुंबई। प्रभास स्टारर 'सालार पार्ट 1: सीजफायर' ने हाल ही में दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार समारोह 2024 में 'फिल्म ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीता है। इस बारे में 21 फरवरी को 'सालार' के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने खिताब जीते जाने के बारे में जानकारी दी है. पोस्ट में लिखा है, 'सलार: पार्ट 1 – सीजफायर ने डीपीआईएफएफ 2024 में प्रतिष्ठित फिल्म ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता! एक सिनेमैटिक मास्टरपीस फिल्म है और इसकी शानदार स्टोरीलाइन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है और अब इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।



# क्रूरता में 'एनिमल' का बाप नजर आ रहा है 'शैतान'



मुंबई। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' का ट्रेलर सामने आ गया है। अजय देवगन, आर माधवन, ज्योतिका और जानकी बोड़ीवाला स्टारर फिल्म का ये ट्रेलर रूह कंपा देने वाला है। पहली बार आर. माधवन इस फिल्म में अपने नेगेटिव और खूंखार अंदाज से दर्शकों के दिलों में दहशत पैदा कर रहे हैं। 2 मिनट 26 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस तरह से एक हंसता-खेलता परिवार काले जादू के साए में पड़ जाता है और फिर सबकुछ खत्म होने के कगार तक पहुंच जाता है। यहां हम दिखाने जा रहे हैं इस ट्रेलर के वो 10 खौफनाक सीन, जो हालिया रिलीज फिल्म 'एनिमल' की दरिंदगी पर भी पड़ रहे हैं भारी।

## 2024 की शुरुआत कई के लिए खास और यादगार रहा तो कई को उम्र भर का दर्द दे गया

# ईशा से लेकर सानिया मिर्जा का टूटा सात जन्मों का रिश्ता

फिल्म इंडस्ट्री में कब किसका नाम किसी के साथ जुड़ जाए और कब उनके बीच अलग होने की खबरें सामने आने लगे ये बात कह पाना बेहद मुश्किल है। ऐसे ही ये साल यानी 2024 की शुरुआत कई सितारों के लिए बेहद खास और यादगार रहा तो कई को उम्र भर का दर्द दे गया। इस साल के शुरू हुए महज अभी दो महीने ही बीते हैं कि कई कपल के अलगाव होने की खबरें सामने आई हैं। इस लिस्ट में ईशा देओल से लेकर सानिया मिर्जा तक नाम शामिल है।

### ईशा-भरत का हुआ तलाक



*धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी ईशा देओल और भरत तख्तानी की गृहस्थी में उथल-पुथल की खबरों के बाद फाइनली उन्होंने हाल ही तलाक ले लिया है। दोनों के रिश्ते में काफी वक्त तनाव की खबरें सामने आ रही थीं। इसके बाद दोनों ने अपनी 12 साल की शादी को खत्म करने का फैसला लिया। ईशा और भरत ने अपनी एक पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी शादी खत्म होने की जानकारी दी। साथ ही ये भी*

### शोएब से अलग हुईं सानिया



टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा ने भी अपनी शादी को कुछ ही दिनों पहले खत्म करने का ऐलान किया है। सानिया ने पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी की थी। वहीं, हाल ही में सानिया ने अपनी 14 साल की शादी को खत्म किया है। सानिया के तलाक की खबरें तब साफ हुईं जब शोएब मलिक और पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद की निकाह की तस्वीरें सामने आईं।

### 11 महीने में ही टूटी दलजीत की शादी



*टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर ने पिछले साल ही एनआरआई बिजनेसमैन निखिल पटेल संग धूमधाम से शादी रचाई थी। ये दलजीत की दूसरी शादी थी। लेकिन उनको ये शादी भी टिक नहीं सकी। दलजीत और निखिल के रिश्ते में अनबन की खबरें तब सामने आईं जब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम से अपने पति की सारी तस्वीरों को हटाने के साथ उनका सरनेम भी हटा दिया।*

### दिव्या ने हटाया पति का सरनेम



*इसी बीच अब दिव्या खोसला के रिश्ते में दरार की खबरें सामने आ रही हैं। दिव्या कुमार ने टी-सीरीज कंपनी के मालिक भूषण कुमार से शादी की है। हाल ही में दिव्या ने इंस्टाग्राम से पति भूषण का सरनेम कुमार हटा दिया है। यही नहीं, दिव्या ने टी-सीरीज को भी अनफॉलो कर दिया है।*

### शुभांगी और पियूष ने खत्म की शादी



*टीवी सीरियल भाबी जी घर पर हैं फेम एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने भी अपनी 19 साल की शादी को खत्म किया है। शुभांगी ने अपने पति पीयूष पुरे संग तलाक लिया है। इस खबर से एक्ट्रेस के फैंस काफी हैरान थे।*

# एक दिन में रिलायंस के मार्केट कैप से ज्यादा कमा गई चिप कंपनी एनवीडिया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एआई चिप्स बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया ने गुरुवार को एक दिन में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड बना दिया। चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन के दम पर कंपनी का शेयर 16.4 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 277 अरब डॉलर बढ़ गया जो अब तक किसी भी कंपनी के वैल्यूएशन में एक दिन में आई सबसे बड़ी उछाल है।

इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह भारत के दो सबसे बड़े रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की कुल नेटवर्थ से ज्यादा है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ 112 अरब डॉलर और अदाणी की नेटवर्थ 102 अरब डॉलर है। दोनों की नेटवर्थ कुल मिलाकर 214 अरब डॉलर बैठती है। साथ ही यह भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इडस्ट्रीज के कुल मार्केट कैप से ज्यादा है।

## एनवीडिया ने बना दिया एक दिन में कमाई का रिकॉर्ड, कैप के लिहाज से दुनिया की चौथी बड़ी कंपनी

- गुरुवार को 277 अरब डॉलर बढ़ गया मार्केट कैप
- इस साल 58 परसेंट उछल चुका है कंपनी का शेयरमार्केट

### दुनिया की चौथी बड़ी कंपनी

इसके साथ ही एनवीडिया अमेरिका की तीसरी और दुनिया की चौथी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई। उससे आगे अब माइक्रोसॉफ्ट (3.06 ट्रिलियन डॉलर), ऐपल (2.85 ट्रिलियन डॉलर) और सऊदी अरामको (2.0 ट्रिलियन डॉलर) रह गए हैं। एनवीडिया के शेयरों में इस साल 58 परसेंट की तेजी आई है जबकि पिछले साल यह 239 फीसदी चढ़े थे। दुनियाभर में एआई में तेजी से एनवीडिया के शेयरों में तेजी आई है।

*शेयरों में आई तेजी : कंपनी ने इस तिमाही में अपने रेवेन्यू में 233 परसेंट तेजी का अनुमान जताया है जो बाजार की उम्मीदों से कहीं बेहतर है। दुनिया के महंगे एआई चिप मार्केट में एनवीडिया की 80 फीसदी हिस्सेदारी है। चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू तीन गुना से अधिक बढ़कर 22.10 अरब डॉलर रहा था। इस कंपनी की स्थापना ताइवान में जन्मे जेंसन हुआंग ने की थी।*




### सबसे अधिक कमाई का रिकॉर्ड

गुरुवार को ट्रेडर्स ने एनवीडिया के 65 अरब डॉलर मूल्य के शेयरों की खरीद-फरोख्त की। इससे पहले एक दिन में सबसे अधिक कमाई का रिकॉर्ड मार्क जकरबर्ग की मेटा प्लेटफॉर्म्स के नाम था। इसी साल दो फरवरी को इस कंपनी का मार्केट कैप 196 अरब डॉलर बढ़ा था। लेकिन 20 दिन में ही एनवीडिया ने यह रेकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। एनवीडिया के मार्केट कैप में गुरुवार को जितनी तेजी आई, वह कोकाकोला की कुल वैल्यू (265 अरब डॉलर) से ज्यादा है।

## बिकवाली के जोर से सेंसेक्स मामूली 15 अंक नीचे

घरेलू बाजार में शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में आईटी एवं चुनिंदा बैंक शेयरों में अंतिम दौर की बिकवाली होने से मानक सूचकांक लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 15.44 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 73,142.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 73,413.93 अंक के ऊपरी और 73,022 अंक के निचले स्तर पर रहा। हालांकि सेंसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी लेकिन बाद में निवेशकों की मुनाफावसूली करने से यह नीचे चला गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,212.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 22,297.50 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक भी जाने में सफल रहा था।

## खबर संक्षेप

### नोकिया ने भारतीय विज्ञान संस्थान से कि साझेदारी



**नई दिल्ली।** नोकिया 6जी और 6जी इस्तेमाल को लेकर संयुक्त रूप से शोध करने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान के साथ साझेदारी की है। बेंगलुरु में नोकिया की नई 6जी प्रयोगशाला में नोकिया और आईआईएससी एक साथ काम करेंगे। 6जी रेडियो प्रौद्योगिकियां, 6जी आर्किटेक्चर और 6जी एयर इंटरफेस में मशीन लर्निंग के अनुप्रयोग पर अनुसंधान करेंगे।

### बैंकों को प्रीपेड कार्ड जारी करने की मिली अनुमति



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों को विभिन्न सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए भुगतान को लेकर पीपीआई (प्रीपेड कार्ड) जारी करने की अनुमति दी। पीपीआई या प्री-पेड कार्ड या उत्पाद के तहत भुगतान पहले कर दिया जाता है। इनके आने से यात्रियों के पास किराया देने के लिए नकद भुगतान के अलावा अन्य विकल्प होंगे।

### जीएसटी को लेकर बायोकॉन पर तीन करोड़ का जुर्माना




**नई दिल्ली।** बायोकॉन लि. पर जीएसटी से संबंधित मुद्दों को लेकर तीन करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। बायोकॉन लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि कंपनी को 22 फरवरी 2024 को संभागीय जीएसटी कार्यालय (बैंगलोर) के वाणिज्यिक कर उप आयुक्त के कार्यालय से 3,03,78,465 रुपये के जुर्माना से जुड़ा नोटिस मिला।

### सीएट बनेगी आईपीएल मैचों के कुछ खंडों की प्रायोजक




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली सिएट अगले पांच साल के लिए आईपीएल मैचों के कुछ खंडों को प्रायोजित करेगी। यह सौदा लगभग 240 करोड़ रुपये का हुआ है। सिएट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को बीसीसीआई द्वारा आईपीएल मैचों के कुछ खंडों को प्रायोजित करने के लिए एक आधिकारिक भागीदार के रूप में चुना गया है।

### एल्सटॉम ने मेट्रोपोलिस ट्रेनों का उत्पादन किया शुरू



**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय मेट्रो ट्रेन विनिर्माता एल्सटॉम ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के चौथे चरण के लिए 'मेट्रोपोलिस' ट्रेनों का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसे डीएमआरसी से यह ऑर्डर नवंबर, 2022 में मिला था। इसके तहत 52 ट्रेन सेट की आपूर्ति की जानी है। हरेक सेट में छह डिब्बे होंगे। यह परियोजना डीएमआरसी की तीन अलग-अलग लाइन की जरूरतों को पूरा करेगी। इसमें दो लाइन मौजूदा लाइन सात और लाइन आठ का विस्तार हैं।

## सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए गए

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए नियमों में बदलाव, अब तीन दिन में मिलेगा नया सौर कनेक्शन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाये हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे।*

बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले उपभोक्ताओं को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है।

### मीटरों की जांच का प्रावधान

इसके अलावा आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। संशोधित नियम में उपभोक्ताओं की शिकायतों के मामले में बिजली की खपत के सत्यापन के लिए वितरण कंपनियों द्वारा लगाए गए मीटरों की जांच का भी प्रावधान किया गया है।



- नगरपालिका क्षेत्र में सात दिन में मिलेगा कनेक्शन
- ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिनों के भीतर कनेक्शन तय किया गया
- सरकार ने बिजली नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी

### शिकायत पर लगेगा पांच दिनों में अतिरिक्त मीटर

इसके साथ ही मीटर रीडिंग वास्तविक बिजली खपत के अनुरूप नहीं होने की शिकायत होने पर वितरण लाइसेंसधारी को अब शिकायत मिलने की तारीख से पांच दिनों के भीतर एक अतिरिक्त मीटर लगाना होगा। इस अतिरिक्त मीटर का इस्तेमाल रीडिंग के सत्यापन के लिए किया जाएगा।

*उपभोक्ता का हित सर्वोपरि होगा* *केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने कहा कि सरकार के लिए उपभोक्ताओं का हित सर्वोपरि है। ये संशोधन इसी को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। बयान के मुताबिक, नया बिजली कनेक्शन मिलने की अवधि महानगरीय क्षेत्रों में सात दिन से घटाकर तीन दिन, अन्य नगर निगम क्षेत्रों में 15 दिन से घटाकर सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दी गई है।*

### ईवी चार्ज के लिए ले पाएंगे अलग कनेक्शन

नए नियमों के तहत उपभोक्ता अब अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को चार्ज करने के लिए अलग से बिजली कनेक्शन ले सकते हैं। यह देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप है।

### सिंगल प्वाइंट कनेक्शन चुनने का विकल्प

सहकारी हाउसिंग सोसाइटी, बहुमंजिला इमारतों, आवासीय कॉलोनी आदि में रहने वाले लोगों के पास अब वितरण लाइसेंसधारी से या तो सभी के लिए व्यक्तिगत कनेक्शन या पूरे परिसर के लिए सिंगल-प्वाइंट कनेक्शन चुनने का विकल्प होगा।

## अग्रणी भारतीय ड्रोन निर्माता ने अमेरिकी बाजार में किया प्रवेश

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन



- उद्योग ने पिछले 10 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई
- महामारी के बाद इस उद्योग में आई तेजी

भारतीय ड्रोन निर्माता कंपनी आईडियाफोर्ज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंकित मेहता ने कहा कि भारत के ड्रोन उद्योग ने पिछले 10 वर्षों में बड़ी 'छलांग लगाई' है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसमें तेजी आई है।

भारतीय ड्रोन निर्माण कंपनी आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में ऐसे समय में प्रवेश कर रही है जब वहां चीन में बने ड्रोन को खरीदने को लेकर अनिच्छा है। मेहता ने कहा कि भारतीय ड्रोन उद्योग ने 'भारत सरकार के अनुकूल परिवेश के साथ पिछले 10 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है।' उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद से इस क्षेत्र में तेजी आई है। मेहता ने कहा, 'मुझे लगता है कि वैश्विक महामारी से पहले ड्रोन के संबंध में नियम और कानून काफी सख्त थे। इससे पहले वे उपयोग तथा तैनाती के मामले में बहुत अधिक लचीलेपन की अनुमति नहीं देते थे। उन्होंने कहा, 'वैश्विक महामारी के बाद से प्रौद्योगिकी को अपनाने का रास्ता खुला... अब लोग यथासंभव अधिक से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल करना चाहते हैं।'

मेहता ने कहा, 'इसलिए हम प्रौद्योगिकी को अपनाने की प्रबल इच्छा रखते हैं। हम ऐसा करने के लिए बहुत अधिक नियामक समर्थन देख रहे हैं।' मेहता देश में विभिन्न प्रकार के ड्रोन निर्यात करने के लिए अमेरिका के विभिन्न शहरों की यात्रा कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को वह यहां वाशिंगटन डीसी पहुंचे।

### मारुत ड्रोन को धान बुवाई उपकरण का पेटेंट मिला

तेलंगाना स्थित मारुत ड्रोन को अपने 'मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण' के लिए पेटेंट मिला है। इस ड्रोन की मदद से धान की सीधी बुवाई की जा सकती है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 20 वर्षों के लिए दिया गया दुनिया का पहला जनकेंद्रित पेटेंट है। यह पेटेंट मारुत के सीधे बीज बोने वाले चावल ड्रोन को मान्यता देता है।

## सिर्फ शुद्ध 'चीज' का इस्तेमाल : मैकडॉनल्ड्स




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- सक्षम अधिकारियों के साथ कर रहे सहयोग
- चीज की गुणवत्ता को लेकर की गई थी कार्रवाई

फास्ट फूड श्रृंखला मैकडॉनल्ड्स की पश्चिम और दक्षिण भारत में कारोबार करने वाली फ्रेंचाइजी ने अपने उत्पादों में सिर्फ शुद्ध 'चीज़' का ही इस्तेमाल होने का दावा करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इस बारे में 'सक्षम अधिकारियों' के साथ सहयोग कर रही है।

इससे पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी कि महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) कंपनी के उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 'चीज़' की गुणवत्ता को लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड की अनुषंगी इकाई हार्डकॉसल रेस्टोरेंट के पास भारत के पश्चिम और दक्षिण बाजारों में मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट के स्वामित्व और संचालन का फ्रेंचाइजी अधिकार है।

### खाद्य कानूनों का पूरी तरह अनुपालन

मैकडॉनल्ड्स इंडिया (पश्चिम और दक्षिण) ने एक बयान में कहा, 'हम इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से सक्षम अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं और उनके अंतिम स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहे हैं। हम हमेशा कड़े खाद्य मानकों का पालन करते रहे हैं और सभी लागू खाद्य कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करते हैं।'

## युलु बाइक्स ने 1.925 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इलेक्ट्रिक बाइक-शेयरिंग मंच युलु बाइक्स ने कंपनी के मौजूदा रणनीतिक निवेशकों मैग्ना और बजाज ऑटो लिमिटेड को शेयर जारी करके इक्विटी वित्त पोषण के जरिए 1.925 करोड़ अमेरिकी डॉलर (160 करोड़ रुपये) की पूंजी हासिल की है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि पूंजी निवेश युलु को अपनी वृद्धि गति को बनाए रखने में सक्षम बनाएगा। अपने बाजार नेतृत्व को मजबूत करने में मदद करेगा। कंपनी उपयोगकर्ताओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए वाहनों, परिचालन स्थानों और उत्पाद और प्रौद्योगिकी नवाचार के मामले में अपनी पहुंच का विस्तार करेगी। बजाज ऑटो ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने कंपनी में 45.75 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ युलु बाइक में अपनी हिस्सेदारी को 18.8 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। युलु के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित गुप्ता ने कहा कि इक्विटी निवेश से कंपनी को अपनी वृद्धि योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।



- मैग्ना और बजाज ऑटो को जारी की इक्विटी

### युलु का भूमिका महत्वपूर्ण

मैग्ना इंटरनेशनल एंड ग्लोबल लीड ऑफ मैग्ना न्यू मोबिलिटी के कार्यकारी उपाध्यक्ष माटेओ डेल सोरबो ने कहा कि युलु की यात्रा उभरते बाजारों के संदर्भ में हरित गतिशीलता समाधानों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।

## बायजू की ईजीएम में रवींद्रन को हटाने का प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के 60 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने शुक्रवार को देश के सबसे लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न (टी एंड एल) ने संस्थापक सदस्यों की अनुपस्थिति में किए गए इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इससे किनारा करने की कोशिश की। कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुलाई थी।

## पेटीएम को आरबीआई ने दी राहत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- यूपीआई ऑपरेशन चालू रखने के लिए एनपीसीआई को दिया सुझाव

भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम ऐप के जरिए यूपीआई ऑपरेशन को चालू रखने के लिए नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) को नियमों के तहत पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्यूनिकेशंस लिमिटेड के उस अनुरोध पर विचार करने को कहा कि जिसमें एनपीसीआई से यूपीआई चैनल के थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रोवाइडर बनने का अनुरोध किया गया है जिससे पेटीएम ऐप पर यूपीआई ऑपरेशन चालू रहे। भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि 15 मार्च 2024 के बाद से पेटीएम पेमेंट बैंक कस्टमर के अकाउंट्स या वॉलेट में क्रेडिट स्वीकार नहीं कर सकता है ऐसे में ये जरूरी हो गया है कि यूपीआई कस्टमर पेटीएम पेमेंट्स बैंक के हैंडल @paytm का इस्तेमाल कर सीमलेस डिजिटल पेमेंट्स करते रहे साथ ही यूपीआई सिस्टम में मल्टीपल पेमेंट ऐप प्रोवाइडर्स के कंस्ट्रेशन रिस्क को कम करने के लिए कुछ कदम उठाना जरुरी है। जिसके बाद आरबीआई ने ये एडिशनल स्टेप्स लेने का फैसला किया गया है।

## किआ ने 4,358 सेल्टोस गाड़ियां वापस मंगाईं



**नई दिल्ली।** किआ इंडिया इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप नियंत्रक को बदलने के लिए अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन सेल्टोस के पेट्रोल संस्करण की 4,358 इकाइयों को वापस मंगा रही है। दक्षिण कोरिया की वाहन कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वह 28 फरवरी से 13 जुलाई 2023 के बीच विनिर्मित आईवीटी ट्रांसमिशन के साथ स्मार्टस्ट्रीम जी1.5 पेट्रोल सेल्टोस को वापस मंगा रही है। बयान में कहा गया कि इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप नियंत्रक में खामी की संभावना को देखते वाहनों को वापस मंगाया जा रहा है। यह आशंका है कि यह निर्दिष्ट ट्रांसमिशन संस्करण में इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। कंपनी ने कहा कि उसने वाहन वापस मंगाये जाने की पहल के बारे में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को सूचित कर दिया है। बयान के अनुसार, चूंकि कार मालिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए कंपनी प्रभावित इकाइयों में इलेक्ट्रॉनिक तेल पंप नियंत्रक को सक्रियता के साथ बदल रही है।

## आरबीआई के क्रेडिट मंच पर जारी कर सकेंगे आंकड़े

# जीएसटीएन को आंकड़े साझा करने की मिली अनुमति

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- आधार पर तेजी से कर्ज पाने में मदद मिलेगी

सरकार ने जीएसटी नेटवर्क को पंजीकृत कारोबारों की सहमति पर उनके आंकड़े रिजर्व बैंक के 'पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म फॉर फ्रिक्शनलेस क्रेडिट' के साथ साझा करने की अनुमति दे दी है।

इस कदम से कारोबारी इकाइयों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित साझा जानकारी के आधार पर तेजी से कर्ज पाने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अनुषंगी इकाई 'रिजर्व बैंक इनोवेशन हब' ने इस मंच का गठन किया है।

**जानकारी सहमति के आधार पर साझा की जा सकेगी :** इसका उद्देश्य ऋण देने में मदद करने के लिए कर्जदाताओं को जरूरी जानकारी के निर्बाध प्रवाह को सक्षम बनाना है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा, "जीएसटी परिषद की अनुशंसा पर केंद्र सरकार 'पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म फॉर फ्रिक्शनलेस क्रेडिट' को एक ऐसी प्रणाली के रूप में अधिसूचित करती है जिसके साथ जानकारी सहमति के आधार पर साझा की जा सकती है।"

### जानकारी छिपा नहीं पाएंगे

मोहन ने कहा, 'इससे सुनिश्चित होता है कि कर्जदार ऋणदाताओं या सरकारी पोर्टल को प्रदान की गई किसी भी लेनदेन संबंधी जानकारी को छिपा नहीं सकते हैं। ऋणदाताओं को सीधे सरकार द्वारा स्वीकृत स्रोतों से प्रमाणित मासिक बिक्री एवं खरीद आंकड़ों तक पहुंच मिलती है जिससे ऋण जोखिम का अधिक सटीक और समय पर मूल्यांकन संभव हो पाता है।'




### बड़े परिवेश के संचालन के लिए विकसित

इस मंच को कर्ज के एक बड़े परिवेश के संचालन के लिए विकसित किया गया है, ताकि आंकड़ों को लेकर विभिन्न स्रोतों से डिजिटल रूप से जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। अधिसूचना के मुताबिक, वित्तीय सेवा प्रदाता और कई डेटा सेवा प्रदाता मानक और प्रोटोकॉल संचालित संरचना का इस्तेमाल कर मंच पर इकट्ठा हो सकते हैं।

### विवरण का खुलासा करने का अधिकार

मूर सिंघी फर्म के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि डेटा आपूर्तिकर्ता/ प्राप्तकर्ता से उचित सहमति लेकर जीएसटीएन को बाहरी कर रिटर्न, मासिक और वार्षिक कर रिटर्न और चालान तैयारियों के आंकड़ों के साथ जीएसटी पंजीकरण आवेदन में प्रस्तुत विशिष्ट विवरण का खुलासा करने का अधिकार है।

## सोना 80 रुपए टूटा, चांदी 700 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 80 रुपये की गिरावट के साथ 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी।

खनौरी बॉर्डर पर बवाल

# आक्रोशित किसानों ने पुलिस पर किया पथराव, वाहन भी तोड़ दिए

## हरियाणा में किसान-पुलिस में फिर टकराव, पुलिस ने भी सख्ती दिखाई

एजेंसी ▶▶ हिसार

हरियाणा में किसान और पुलिस में फिर से टकराव हुआ है। हिसार के खेड़ी चौपटा में शुक्रवार दोपहर को जब किसान खनौरी बॉर्डर के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। किसान नहीं रुके तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और उन पर लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने किसानों के टैक्टरों की हवा निकाल दी। किसानों ने पुलिस पर पथराव किया है और पुलिस के वाहन को भी तोड़ दिया। हिसार के खेड़ी चौपटा के पक्के मोर्चे पर किसानों ने शुक्रवार दोपहर बाद खनौरी बॉर्डर जाने का आह्वान किया था। यहां पर 18 फरवरी से किसानों का धरना चल रहा है।



### किसानों पर नहीं लगेगा रासुका

किसानों पर धरना प्रदर्शन के चलते हरियाणा पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी में थी, लेकिन पुलिस ने अपना फैसला बदल दिया। अंबाला पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात है और कई बार किसान और पुलिस में भिड़ंत हो चुकी है। इससे अंबाला की एएसपी पूजा डाबला ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने एनएसए लगाने का वापस ले लिया है।

### हरियाणा पुलिस ने बताया

#### किसान आंदोलन में 30 पुलिसकर्मी घायल, 3 की मौत



हरियाणा पुलिस ने बताया है कि किसान आंदोलन में कई पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। कई घायल हैं। पुलिस के मुताबिक किसान आंदोलन के दौरान दो पुलिसकर्मी की मौत हरियाणा में हुई है जबकि एक पुलिसकर्मी की मौत पंजाब के जिम में हुई है। कुल 3 पुलिसकर्मियों की मौत अब तक आंदोलन में हो चुकी है।हरियाणा पुलिस ने बताया कि किसान आंदोलन के दौरान 30 पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं जबकि एक को ब्रेन हेमरेज हुआ है। किसान लगातार पत्थरबाजी कर रहे हैं, जिससे पुलिसकर्मियों को चोट आई है। हरियाणा पुलिस ने यह भी कहा है कि शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड्स लगाया गया और किसान इसे तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं।

### शुभकरण के परिवार को पंजाब देगा 1 करोड़ रुपए

किसान आंदोलन के दौरान खनौरी बॉर्डर पर मारे गए शुभकरण सिंह के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा मिलेगा। यह राशि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने देने का ऐलान किया है। शुक्रवार को सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि छोटी बहन को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। मान ने ट्वीट किया कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

मुंबई-अहमदाबाद के बीच ये ट्रेन दूरी को केवल 127 मिनट में तय करेगी

अभी बस से सफर करने पर 9 घंटे और ट्रेन से 6 घंटे का समय लगता है

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में चल रहे बुलेट ट्रेन के काम का जायजा लिया

# अंडरग्राउंड रेल टनल में समंदर के नीचे तय होगा 7 किमी का सफर, 320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी ट्रेन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश की पहली बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलेगी। गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र में भी इसका काम तेजी से चल रहा है। जब यह ट्रेन मुंबई आएगी तो 21 किमी लंबी अंडरग्राउंड टनल से होकर मुंबई के आखिरी स्थान यानी बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स तक जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में चल रहे बुलेट ट्रेन के काम का जायजा लिया। रेल मंत्री ने शुक्रवार को मुंबई में बन रहे टनल के सेंटर प्वाइंट विक्रोली और आखिरी स्टेशन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में निरीक्षण किया। विक्रोली में टनल में ब्लास्ट के बाद टनल का रास्ता बनाने का पहला स्टेप शुरू किया गया है। रेल मंत्री के मुताबिक देश और विदेश में इतना लंबा पहला टनल होगा जो 21 किलोमीटर का होगा। विक्रोली से नवी मुंबई के घनसोली और ठाणे के सील फाटा तक और विक्रोली से बीकेसी तक ये टनल होगी, यानी की ठाणे से मुंबई के बीकेसी तक 21 किलोमीटर की दूरी होगी और उसमे 7 किलोमीटर की दूरी समंदर के अंदर से तय की जाएगी। विक्रोली में अब तक लगभग 15 मीटर तक खुदाई हुई है।

देश की पहली बुलेट ट्रेन का रूट मैप तैयार



### इस प्रोजेक्ट में जापानी तकनीक 'शिंकानसेन' का उपयोग किया गया


*रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया की 2026 तक सूरत से बिलिमोरा के बीच पहली बुलेट ट्रेन चलाने का टारगेट रखा गया है। इस प्रोजेक्ट में भारत को जापान से मदद मिल रही है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉपोरेशन लिमिटेड के अनुसार बुलेट ट्रेन 320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी। इस प्रोजेक्ट में जापानी तकनीक 'शिंकानसेन' का उपयोग किया गया है। गुजरात के हिस्से में काम लगभग पूरा हो चुका है और महाराष्ट्र में आज सबसे प्रमुख सुरंग बनाने का काम शुरू किया जा रहा है।*

---

## खबर संक्षेप

### अब पाकिस्तान नहीं जाएगा रावी का पानी

**जम्मू।** शाहपुरकंडी बांध परियोजना का काम आखिरकार 29 साल बाद पूरा हो गया। झील में जल भंडारण का काम भी शुरू कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को जाने वाला रावी नदी का 12 हजार क्यूसेक (प्रति वर्ष) पानी बंद हो जाएगा। इस पानी से अब जम्मू-कश्मीर और पंजाब की 37 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी।



### आरबीआई ने पेटीएम को दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने पेटीएम को बड़ी राहत दी है। अब एनसीपीआई को पेटीएम की मदद करने को कहा है। इससे ग्राहकों को यूपीआई अकाउंट ट्रांसफर करने में मदद मिलेगी। बता दें कि किसी भी यूपीआई अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए अकाउंट से लिंक करना जरूरी है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिए यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं।



### एआई टूल जेमिनी को गूगल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गूगल को उसके एआई टूल जेमिनी को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। पीएम मोदी से जुड़े एक सवाल पर जेमिनी के जवाब कारण दी गई है। एआई टूल जेमिनी के रिप्लाई ने आईटी नियमों के साथ आपराधिक संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।



### बायजूस के सीईओ रवींद्रन बोर्ड से बाहर

**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजूस के इन्वेस्टर्स ने कंपनी के फाउंडर-सीईओ रवींद्रन बायजू, उनकी पत्नी, उनके भाई रिजु रवींद्रन और को-फाउंडर दिव्या गोकुलनाथ को बोर्ड से हटा दिया। शुक्रवार को बैठक में इन्वेस्टर्स ने मिसमैनेजमेंट और फेल्योर्स की वजह से ये फैसला लिया।



---

### काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला

# जिनके अपने ही होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

*मोदी ने कहा कि अरे घोर परिवारवादियों, काशी का, यूपी का नौजवान तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है, अपना समृद्ध भविष्य लिखने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है।*



उन्होंने ठेठ बनारसी में कहा- इ बनारस ह इ युवा क अपमान न सही

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज का कहना है कि काशी के नौजवान, यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वो यूपी के, मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। मोदी को गाली देते-देते तो इन्होंने दो दशक बिता दिए। अब ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन पर, यूपी के नौजवानों पर ही ये लोग अपनी फ्रस्टेशन निकाल रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अरे घोर परिवारवादियों, काशी का, यूपी का नौजवान तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है, अपना समृद्ध भविष्य लिखने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है।

» परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति से डरते हैं , युवा टैलेंट से डरते हैं

» इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए ही बहुत संघर्ष करना पड़ेगा



काशी में उतरकर गुरुवार-शुक्रवार रात को पीएम मोदी सीएम योगी ने शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा मार्ग का निरीक्षण किया।

#### वोट बैंक से बाहर देख ही नहीं सकते

पीएम ने कहा कि आजकल तो उनके गुस्से का उनकी बौखलाहट का एक और भी कारण है इनको काशी और अयोध्या का नया स्वरूप बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा। आप देखिए, अपने भाषणों में राम मंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातें करते हैं, कैसे-कैसे बातों से हमले करते हैं, मैं नहीं जानता था कि कांग्रेस को प्रभु श्री राम से इतनी नफरत है।

इस बार यूपी शत-प्रतिशत सीटें एनडीए के नाम करने वाला

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा मोदी की गारंटी है- हर लाभार्थी को शत-प्रतिशत लाभ। मोदी लाभार्थियों के सैचुरेशन की गारंटी दे रहा है तो यूपी ने भी सारी सीटें मोदी को देने का निर्णय किया है। यानी इस बार यूपी शत-प्रतिशत सीटें एनडीए के नाम करने वाला है। पीएम ने कहा कि जब मैं लोकल से वोकल कहता हूं तो बुनकरों, छोटे उद्यमियों का ब्रांड एंबेसडर बन जाता हूं।

#### कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत

*पीएम ने कहा, परिवारवाद और भ्रष्टाचार ने यूपी के विकास को रोका। आज यूपी बदल रहा है। उप्र के नौजवान जब अपना भविष्य बना रहे हैं तो ये परिवारवादी लोग विरोध कर रहे हैं। मैं ये नहीं जानता था कि कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत है। मोदी को गाली देते-देते तो इन्होंने दो दशक बिता दिए और अब ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन पर, यूपी के नौजवानों पर ही ये लोग अपनी कुंठा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले बनारस जाम से जूझता था। जितना समय दिल्ली जाने में नहीं लगता था उससे ज्यादा समय फ्लाइट पकड़ने में लग जाता था। गुरुवार रात मैंने फुलवरिया फ्लाईओवर देखा। आज बनारस की रफ्तार कई गुना बढ़ने लगती है।*

---

### मंत्री भेजेंगे 100 दिन का एक्शन प्लान

# पीएम ने मंत्रियों से मांगा पांच साल का 'रोडमैप'

आइडिया, एक्शन प्लान और रोडमैप मांगा | लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले तैयारी



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से अगले 5 साल का एक्शन प्लान मांगा है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी ने आइडिया, एक्शन प्लान और रोडमैप मांगा है।

इसके अलावा मंत्रियों से 100 दिन की योजना भी मांगी गई है। गौरतलब है कि अगले महीने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होना है। उससे पहले ही पीएम मोदी एक्शन में आ गए हैं। चुनाव में जाने से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी हर मामले में विपक्ष पर 20 होने की रणनीति पर चल रही है। पीएम मोदी ने कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से उनका प्लान मांगा है। गौरतलब है कि पीएम मोदी योजनाओं को लागू करने को लेकर काफी सतर्क रहते हैं।

अक्सर वो अपने भाषणों में कहते हैं कि किसी काम का शिलान्यास मैंने किया है तो उसका उद्घाटन भी मैं ही करूंगा। सभी मंत्री अपना एक्शन प्लान कैबिनेट सचिवालय को भेजेंगे। पीएम मोदी ने बैठक में सभी मंत्रियों को साफ निर्देश दिए हैं कि वो अपना प्लान जल्द से जल्द भेज दें। कौन मंत्री रिपीट होगा कौन नहीं? ये सब सोचे बिना अपना एक्शन प्लान कैबिनेट सचिवालय को भेज दें।

---

### सरोगेसी नियमों में केंद्र सरकार ने किया अहम बदलाव

# जरूरतमंद कपल कर सकते हैं डोनर के एग्स का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरोगेसी नियमों में केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण बदलाव किया है। सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने सरोगेसी नियम में संशोधन किया है।

इसके तहत प्रावधान किया गया है कि अगर कपल में कोई मेडिकल समस्या से पीड़ित है तो डोनर कपल को अंडाणु या शुक्राणु दे सकेगा और इसकी इजाजत दे दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने नियमों में बदलाव किया है। पहले के नियम में कहा गया था कि सरोगेसी से संतान पाने की इच्छा रखने वाले कपल के पास अंडाणु और शुक्राणु होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में इसको लेकर कई अर्जियां दाखिल हुई थी। पिछले साल ऐसी अर्जियों पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दूसरी डोनर महिला के अंडाणु का उपयोग करने की इजाजत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकार के नियम से सरोगेसी का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाए जाने पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने नियमों में किया बदलाव



#### बच्चे के लिए एग या स्पर्म लेने की मिल गई छूट

सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में केंद्र सरकार से कहा था कि वह इस मामले में फैसला क्यों नहीं ले रही है जबकि बड़ी संख्या में इसको लेकर अर्जियां सुप्रीम कोर्ट में आ रही है। केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एश्वर्या भाटी ने पिछली सुनवाई में कहा था कि पिछले महीने केंद्र सरकार ने इस मामले से जुड़े कानून में बदलाव पर विचार किया है।

---

हाथ पैर बांधकर समेटा सामान,गहने और कार भी ले गए

# नकाबपोश बदमाशों ने डिपो प्रबंधक के घर डाली डकैती

▶▶ इंदौर

इंदौर में बीते 12 दिन में दूसरी बड़ी डकैती को अंजाम दिया गया और पुलिस के सारे प्रयास नाकाम साबित हुए। शुक्रवार तड़के साढ़े चार बजे लंदन विला में रहने वाले इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के डिपो मैनेजर के बंगले को डकैतों ने निशाना बनाया। चार-पांच नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर बंगले में घुसे। सो रहे लोगों के साथ मारपीट की। उनके हाथ-पैर बांधे और फिर इत्मीनान से डकैती को अंजाम दिया। लौटते समय वह कार भी अपने साथ ले गए। लाखों रुपए का सामान वे अपने साथ ले गए हैं। बाणगंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लंदन विला में इंडियन ऑयल के डिपो मैनेजर पुष्पेंद्र अग्रवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं।



---

कोतवाली थाना पुलिस ने मामले पर लिया संज्ञान

# पटवारी ने बुजुर्ग पिता को पीटा, वीडियो हुआ वायरल

▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर में शुक्रवार को जयश्री पैलेस होटल के पीछे रहने वाले एक वृद्ध पिता की मारपीट करते हुए पटवारी बेटे का वीडियो वायरल होने से हंगामा मच गया।

इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने संज्ञान लेते हुए पटवारी बेटे को तलब कर लिया। हालांकि, वीडियो में स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। लेकिन सोशल मीडिया पर आरोप लगाया जा रहा है कि पटवारी बेटा अपने मानसिक विक्षिप्त पिता को बोझ मानकर उन्हें रोज पीटता है। वीडियो दूर से बनाया गया दिख रहा है जिसमें झरोखे में पटवारी बेटा अपने पिता को घसीटता दिख रहा है और साथ में एक महिला डंडा लिए खड़ी है जो पटवारी की मां बताई जा रही है।



---

### प्रभारी मंत्री नियुक्त नहीं होने से यह की गई व्यवस्था

# अब प्रभारी मंत्री के 'पावर' कलेक्टरों को ट्रांसफर

जीएडी ने आदेश में कहा है कि वर्ष 2023-24 के जनसंपर्क निधि की राशि वितरण के अधिकार कलेक्टरों को दिए जाते हैं

▶▶ भोपाल

31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष के पहले सांसदों और विधायकों को मिलने वाली जनसंपर्क निधि के उपयोग को लेकर नया आदेश हुआ है। इसके लिए प्रभारी मंत्री की ओर से राशि जारी किए जाने का प्रावधान है। लेकिन, अब प्रभारी मंत्री के पावर कलेक्टरों को ट्रांसफर किए गए हैं। हर विधानसभा के लिए सांसदों और विधायकों को मिलने वाली जनसंपर्क निधि की राशि के वितरण के पावर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा कलेक्टरों को दिए गए हैं। जीएडी ने इसको लेकर जारी आदेश में कहा है कि वर्ष 2023-24 के जनसंपर्क निधि की राशि वितरण के अधिकार कलेक्टरों को दिए जाते हैं। आदेश के बाद अब कलेक्टर सांसदों और विधायकों की ओर से जनसंपर्क निधि के अंतर्गत राशि आवंटित करने को लेकर की जाने वाली अनुशंसा के आधार पर राशि वितरण का निर्णय ले सकेंगे।

#### प्रभारी मंत्रियों पर यह जिम्मेदारी थी



*पहले व्यवस्था थी कि जिला स्तर पर डीएमएफ, जिला योजना समिति समेत अन्य जिला स्तरीय समितियों की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री द्वारा की जाती रही है। इसके साथ ही जिला स्तर पर किए जाने वाले तबादले, कानून-व्यवस्था और बड़े निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी देने का काम भी प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली जिला स्तरीय बैठकों में किया जाता रहा है। इसके साथ ही संगठनात्मक बैठकों में भी प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता महत्वपूर्ण रही है। प्रभारी मंत्री को जिला स्तर पर आम जन जीवन से जुड़ी हर एक्टिविटी का ध्यान रखने और उसमें सरकार की भागीदारी करने की जिम्मेदारी रहती आई है।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)